वर्ष : 16 | अंक : 85 | जयपुर | सोमवार, 26 जनवरी, 2026 | माघ, शुक्ल पक्ष- अष्टमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 16

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर, अजमेर

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ






## धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण रोहित शर्मा को पद्मश्री सम्मान

### शिबु सोरेन-अलका याग्निक को पद्म भूषण, 131 हस्तियों को पद्म पुरस्कार का ऐलान

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया। इनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री शामिल हैं। दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र को पद्म विभूषण, झारखंड के पूर्व सीएम दिवंगत नेता शिबु सोरेन और बॉलीवुड सिंगर अलका याग्निक को पद्म भूषण दिया जाएगा। क्रिकेटर रोहित शर्मा, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और हॉकी प्लेयर सविता पूनिया पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा। पद्म पुरस्कार विजेताओं में से 19 महिलाएं हैं। इनमें 6 विदेशी/NRI/PIO/OCI कैटेगरी के लोग भी हैं। 16 हस्तियां ऐसी हैं, जिन्हें मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं।



#### धर्मेन्द्र समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण

दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज केटी थॉमस, कम्युनिस्ट नेता वीएस अच्युतानंदन समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण अवॉर्ड की घोषणा की गई है।





#### शिबू सोरेन-अलका याग्निक समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण

मशहूर सिंगर अल्का याग्निक, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण सम्मान दिया जाएगा।

#### रोहित शर्मा-हरमनप्रीत समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री

क्रिकेटर रोहित शर्मा, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, हॉकी प्लेयर सविता पूनिया समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री के लिए चुना गया है।

## राजस्थान में -2 डिग्री तापमान, बारिश-ओले गिरने की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में दो दिन पहले हुई बारिश और ओले गिरने के कारण जमा देने वाली ठंड पड़ रही है। बर्फीली हवा के कारण कई इलाकों में न्यूनतम तापमान माइनस में बना हुआ है। शनिवार रात को सीकर में तापमान -2.4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। वहीं, शेखावाटी के जिलों में फसलों को भी बर्फ जमने के कारण नुकसान हो रहा है। मौसम विशेषज्ञों ने रविवार को 7 जिलों में शीतलहर की चेतावनी जारी की गई है। जबकि 26 जनवरी को प्रदेश में मौसम साफ रहेगा और कोल्ड-वेव से थोड़ी राहत रहेगी। 27 जनवरी को उत्तर-पूर्वी जिलों में बादल छाने, तेज हवाएं चलने, बारिश होने और कहीं-कहीं ओले गिरने की चेतावनी जारी की गई है।

#### आज भी बर्फ जमी, कड़ाके की सर्दी


शेखावाटी एरिया के सीकर सहित कई जिले में रविवार सुबह खुले इलाकों में बर्फ जमी नजर आई। सबसे ज्यादा फसलों पर असर हो रहा है। वहीं, सीकर के फतेहपुर में तापमान भी माइनस में रिकॉर्ड हुआ। शनिवार को भी जिले के तापमान में करीब 10 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई थी। सीकर के साथ जयपुर, अलवर, भरतपुर, दौसा, चूरू, नागौर सहित कई जिलों में आज भी शीतलहर का असर है। मौसम साफ होने के साथ ही तापमान में तेज गिरावट हुई है।

#### दिन में रात जैसी सर्दी

पिछले 24 घंटे में अधिकांश शहरों में आसमान साफ रहा और धूप निकली। धूप से लोगों को सर्दी से मामूली मिली, लेकिन दोपहर बाद शुरू हुई सर्द हवाओं ने धूजणी छुड़ा दी। सीकर, झुंझुनूं, हनुमानगढ़ के एरिया में कल सर्द हवाओं का दिन में सबसे ज्यादा असर रहा।

**सूचना**

सभी पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यालय में अवकाश रहेगा अतः अगलगा अंक 28 जनवरी को प्रकाशित होगा। *-सम्पादक*






# निंबाहेड़ा के हीरो नय्यूम खान की पहली बॉलीवुड फिल्म का प्रीमियर हुआ लॉन्च

## फिल्म को लेकर दर्शकों में ज़बरदस्त उत्साह, ट्रेलर देखकर सभी ने फिल्म की खूब प्रशंसा की

बढ़ता राजस्थान

निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)। निंबाहेड़ा के छोटे से शहर से निकला एक फिल्मी कलाकार नय्यूम खान बॉलीवुड मुंबई पहुंचा। नय्यूम खान की पहली बॉलीवुड फिल्म द रिटर्न ऑफ आर्मी मैन का प्रीमियर शनिवार रात्रि को निंबाहेड़ा में चित्तौड़ रोड़ स्थित वंडर टाउन हॉल में जिला फुटबॉल संघ चित्तौड?ढ़ के अध्यक्ष पूरण आंजना एवं निंबाहेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चंद्र शारदा के मुख्य आतिथ्य में एवं निवर्तमान पार्षद जावेद खान, जिला क्रीड़ा परिषद के पूर्व सदस्य मुकेश पारख के विशिष्ट आतिथ्य में लॉन्च हुआ। प्रारंभ में अतिथियों के फिल्म प्रीमियर लॉन्च में पहुंचने पर फिल्म के प्रोड्यूसर,अभिनेता नय्यूम खान शाहबाश खान,प्रभाकर कालकेय शालिनी चौहान,लोकेश शर्मा,उस्मान खान,स्टेज संचालक एंकर दिव्या और समीर खान ने अतिथियों को मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर और उपर्णा ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया। फिल्म के जबरदस्त एक्शन सीन देखकर मुख्य अतिथि पूरण आंजना और सुभाष चंद्र शारदा ने निंबाहेड़ा के



उभरते हुए फिल्मी सितारे और इस फिल्म के एक्टर व प्रोड्यूसर नय्यूम खान की एक्टिंग की भूरी भूरी प्रशंसा की और साथ ही फिल्म के डायरेक्टर बाबू भट्ट और सभी कलाकारों को फिल्म की कामयाबी के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी।इससे पूर्व सांय 5 बजे अभिनेता नय्यूम खान और उनकी टीम का शानदार जुलूस ईशक्काबाद से रवाना हुआ और अहिंसा सर्कल होते हुए महाराणा प्रताप चौक पर पहुंचा जहां जुलूस का शुभचिंतकों और आमजन ने माल्यार्पण कर अभिनेता नय्यूम खान और उनकी पूरी फिल्म यूनिट का स्वागत किया गया। तत्पश्चात जुलूस मंडी चौराहा और नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वंडर टाऊन हॉल पहुंचा। फिल्म के प्रोड्यूसर और अभिनेता नय्यूम खान ने सभी को धन्यवाद देते हुए फिल्म शूटिंग के दौरान के अनुभव साझा किए और बताया कि फिल्म की 350 स्क्रीन पूरे देश में 6 फरवरी को रिलीज़ होगी। उन्होंने दर्शको से 6 फरवरी को रिलीज़ फिल्म 'द रिटर्न ऑफ आर्मी मैन' को थियेटर में देखने की गुज़ारिश की। उपस्थित अतिथियों, मीडिया कर्मियों और उत्साही दर्शकों ने फिल्म की तारीफ करते हुए 6 फरवरी को फिल्म रिलीज़ के प्रथम दिन फिल्म देखने की इच्छा जताई।

# मरीजों की पीड़ा पर संवेदनशील प्रशासन कलेक्टर का अमृत कौर चिकित्सालय में औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने राजकीय अमृत कौर चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पीएमओ डॉ. एस.एस. चौहान एवं डॉ. एस.एस. सोनी उनके साथ उपस्थित रहे जिला कलेक्टर ने चिकित्सालय परिसर का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई व्यवस्था, वार्डों की स्थिति तथा सामान्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों से संवाद कर दवाइयों की उपलब्धता, विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली एवं उपचार व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान मीना ने रोगियों से सीधे संवाद कर उपचार, दवा वितरण एवं स्टाफ के व्यवहार को लेकर फीडबैक लिया और अस्पताल में आने वाले मरीजों को समय पर, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए कलेक्टर ने चिकित्सालय के अधिकारियों एवं स्टाफ को समय पालन, कर्तव्यनिष्ठा तथा मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भाव बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


















वर्ष : 16 | अंक : 85 | जयपुर | सोमवार, 26 जनवरी, 2026 | माघ, शुक्ल पक्ष- अष्टमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 16

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# दैनिक बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर, अजमेर

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वंदे मातरम

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


देश के गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

राजीव गाँधी सामान्य अस्पताल में पी.पी.पी. मोड़ पर संचालित CT-Scan+M.R.I. सरकारी रेट पर जिले भर के मरीजों की जांच

Regd. No. : DRA 0810400026
PCPNOT Alw/21

Website : www.curewelldiagnostic.com
E-mail : curewellalwar@yahoo.co.in

Curewell Diagnostic
a Leading pioneer in diagnostic service across all hospitals and clinics at Alwar.
Curewell Dianostic
has brought a revolutionary and radical change in the fielf of automated disgnostics in Alwar.

Curewell Diagnostic Center

हैड ऑफिस : लखण्डा वाला कुआँ, बिजली घर का चौराहा, अलवर फोन : 0144-2702884, 9414203193

क्योरवैल डायग्नोस्टिक सैन्टर



सभी प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

HAPPY REPUBLIC DAY

BEAWAR
Largest Education Group
राजस्थान का एक मात्र इन्टरनेशनल प्रमाणित ग्लोबल संस्थान

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति (रजि.)
(An I.S.O. 9001 : 2015 Certified) | (An I.S.O. 14001 : 2015 Certified) | (An I.S.O. 21001 : 2018 Certified) | (An I.S.O. 45001 : 2018 Certified)

संचालित संस्थाएं
Join us

SESSION 2024-25
सफलता का मार्ग, पूर्ण हमारे साथ

श्री वर्द्धमान कन्या पी. जी. महाविद्यालय
Affiliated to M.D.S. University, Ajmer
BCA, B.Sc. (Maths/Bio.), B.Com, B.A., M.A., M.Com.
Call : 9413041326, 8764939500
E-mail : vardhmancollegebwr@gmail.com
Website : vardhmangirlscollege.com

भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकेण्ड्री स्कूल
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi
English Medium Co-Educational School
1st to 12th Science [Maths/Bio.], Commerce, Humanities
Call : 01462-254024, 256024
blgpss.bwr08@yahoo.com blgothipublicschool.com

Play Group to HKG
DAY SESSION 1.00 - 4.00 PM
वर्द्धमान इन्टरनेशनल स्कूल
वर्द्धमान रूट्स
Call : 8104366056, 8764939300, 8764939400
E-mail : vardhmaninternationlpgschool@gmail.com

Narsingh Agrasen Jain Vidhyapeeth, Beawar
श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ
English Medium Co-Educational School
Play Group to XII Science | Commerce
Call : 7240312942, 7742244090, 9413905855
Website : najvidhyapeeth.com | Email : najvidhyapeeth@gmail.com

Music Classes for Womens, Girls
स्वरांजली Rhythm of Vardhman
Call : 8005758788, 8764939600

वर्द्धमान इन्स्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाईनिंग एण्ड मेकअप आर्टिस्ट
Affiliated to Rajasthan ILD Skills University
MAKEUP HAIR BEAUTY
FASHION DESIGNING & MAKEUP ARTIST COURSE

नृत्यांजलि वर्द्धमान नृत्य पाठशाला
Call : 9829038355, 8005636501

श्री वर्द्धमान स्पोर्ट्स एकेडमी
Call : 01462-251291, 9413041326

OUTSIDE NEHRU GATE, NEAR KRISHNA COLONY, BEAWAR (RAJ.)
shreevardhmanshikshansamiti@gmail.com www.vardhmanshikshansamiti.com



Republic Day 26th January

सभी प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

श्री पार्श्वनाथ जैन हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर
उदयपुर रोड, ब्यावर (राज.) फोन : 01462-224620, 223151
(संचालित-श्री पार्श्वनाथ जैन मेडिकल रिलीफ ट्रस्ट, ब्यावर)

24वें वर्ष में प्रवेश
शुभारम्भ - 26 मई 2002

हेल्पलाईन नम्बर
63678-11660

प्रेरणास्त्रोत : महासती श्री उमराव कुंवर जी 'अर्चना' म.सा.





पुखराज बोथरा - अध्यक्ष
अजीत चौरडिया - वरि. उपाध्यक्ष
गौतम बोहरा - उपाध्यक्ष
मनीष कांकरिया - कोषाध्यक्ष
तुलसी बोथरा - कार्याध्यक्ष
कमलेश कुमार मोदी - मंत्री

उपलब्धियाँ
- अब तक करीब 16 लाख से अधिक लाभान्वित।
- क्षेत्र का लोकप्रिय एवं प्रतिष्ठित चिकित्सालय
- प्रतिदिन 300 लोग ओपीडी से स्वास्थ्य लाभ ले रहे।

ESI, RGHS, MAA योजना के अन्तर्गत
निःशुल्क इलाज व जननी सुरक्षा योजना भी लागू

डायलिसिस | एम्बुलेन्स सेवा | अत्याधुनिक एक्स-रे
नर्सरी | एनआईसीयू | आईसीयू | पैथोलोजी

अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. रौनक खत्री की सेवाएं उपलब्ध
ऑर्थोपेडिक जॉइन्ट रिप्लेसमेन्ट एवं ऑर्थोस्कोपी सर्जन (अहमदाबाद)

सोनोग्राफी एवं दाँतों के जबड़े की एक्स-रे सुविधा

निम्न विशेषज्ञों की नियमित सेवायें उपलब्ध

डॉ.एस.पी. सिंह - एम.डी. मेडिसन, वरिष्ठ फिजिशियन एवं अधीक्षक
डॉ.एस.आर.गहलोत - एम.डी. मेडिसिन, वरिष्ठ फिजिशियन
डॉ.आशीष गुप्ता - एम.डी. (पीडिया), शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ.अन्जुला खंगारोत - एम.बी.बी.एस., एम.एस., स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ.दिलीप चौधरी - एम.बी.बी.एस., एम.एस., वरिष्ठ सर्जन
डॉ.मनोज कुमार प्रजापत - बी.पी.टी., फिजियोथैरेपिस्ट
डॉ.शुभि गुप्ता - एम.एस. ई-एन.टी., नाक, कान, गला विशेषज्ञ
डॉ.एस.के. शर्मा - एम.बी.बी.एस., वरिष्ठ चिकित्सक
डॉ. पायल जैन - नेत्र रोग विशेषज्ञ, ऑपथलमॉलजिस्ट
डॉ. हीना व्यास - बीडीएस, दन्त रोग विशेषज्ञ
विपिन छाजेड - CEO

## सम्पादकीय

# विकसित गणतंत्र, आज अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भारत की स्थिति अधिक सुदृढ़

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अनेक स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण करते हुए जिस तरह यह कहा कि सभी भारतवासी जीवंत गणतंत्र को शक्तिशाली बना रहे हैं, उसका सीधा संदेश यही है कि देश की प्रगति में हर किसी का योगदान होता है। यह उनके संबोधन से तब स्पष्ट भी हुआ, जब उन्होंने सेनाओं के साथ अर्धसैनिक बलों एवं पुलिस के जवानों से लेकर स्वास्थ्यकर्मियों, शिक्षकों, विज्ञानियों, इंजीनियरों समेत किसानों, सफाईमित्रों आदि का उल्लेख किया।निश्चित रूप से किसी भी देश के विकास में उसके सभी नागरिकों का योगदान आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है। भारत ने गणतंत्र के रूप में पिछले 76 वर्षों में जो भी प्रगति की है, उसके लिए सभी को गर्व होना चाहिए। यह एक तथ्य है कि तमाम समस्याओं और चुनौतियों के बावजूद भारत ने एक ओर जहां स्वयं को एक सफल गणतंत्र सिद्ध किया है, वहीं दूसरी ओर विश्व के प्रमुख राष्ट्र के रूप में भी उभारा है। आज अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भारत की स्थिति कहीं अधिक सुदृढ़ है। इसी सुदृढ़ता के कारण 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का स्वप्न देखा जा रहा है। इस स्वप्न को साकार करने के लिए संकल्पित होने का यह सही समय है। यह संतोष का विषय तो है कि देश सही दिशा में बढ़ता हुआ दिखने के साथ विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां भी प्राप्त कर रहा है, लेकिन इसे लेकर सजग रहने की भी आवश्यकता है कि विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए अभी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। इस आवश्यकता की पूर्ति कैसे हो, इसकी चिंता शासन-प्रशासन के लोगों के साथ आम जनता को भी करनी होगी। यह स्वाभाविक है कि शासन एवं प्रशासन की ओर से देश को आगे ले जाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में जो कदम उठाए जा रहे हैं, उनका राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में विस्तार से उल्लेख किया, लेकिन इसके बाद भी यह नहीं कहा जा सकता कि देश एकजुट होकर उस लक्ष्य को पाने के लिए संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है, जिसकी चर्चा प्रधानमंत्री की ओर से बार-बार की जा रही है। यदि देश को वास्तव में 2047 तक विकसित राष्ट्र बनना है तो सरकारी कामकाज के तौर-तरीकों में मूलभूत परिवर्तन लाना आवश्यक है। यह ठीक नहीं कि जिन समस्याओं से हमें अब तक मुक्ति पा लेनी चाहिए, वे पीछा नहीं छोड़ रही हैं।

यह आभास गहराई से किया जाना चाहिए कि नौकरशाही का भ्रष्टाचार, वायु एवं जल प्रदूषण में वृद्धि, शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर उठते प्रश्न और शहरी ढांचे में अपेक्षित सुधार के अभाव आदि ने हमारी प्रगति को बाधित कर रखा है। यह समझा जाना चाहिए कि इन बाधाओं को दूर करके ही विकसित देश के सपने को साकार किया जा सकता है।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

- 26 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 1666 – फ्रांस ने इंग्लैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1905 – विश्व का सबसे बड़ा 3106 कैरेट का हीरा कलिनन दक्षिण अफ्रीका में खुदाई में मिला।
- 1972 – दिल्ली के इंडिया गेट पर राष्ट्रीय स्मारक अमर जवान ज्योति को स्थापित किया गया।
- 1950 – लगभग 100 साल के ब्रितानी शासन के बाद इसी दिन भारत एक पूर्ण गणतंत्र बन गया और भारत का संविधान लागू हुआ।
- 2001 – भारत के पश्चिमी हिस्से और पाकिस्तान के कई हिस्से एक बड़े भूकंप से प्रभावित हुए जिसकी वजह से हज़ारों लोग मौत की नींद सो गए।
- 1841 – हांगकांग ब्रिटिश कब्जे में चला गया।
- 1845 – ब्रिटिश जनरल चार्ल्स गार्डन सूडान में मारे गये।
- 1930 – ब्रिटिश शासन के अंतर्गत भारत में पहली बार स्वराज दिवस मनाया गया।
- 1931 – सविनय अवज्ञा आंदोलन' के दौरान ब्रिटिश सरकार से बातचीत के लिए महात्मा गांधी रिहा किया गया।
- 1931 – ऑस्ट्रिया और हंगरी ने 'शांति संधि' पर हस्ताक्षर किये।
- 1934 – पौलैंड और जर्मनी के बीच दस वर्षीय अनाक्रमण संधि हुई।
- 1950 – स्वतंत्र भारत के पहले और अंतिम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने 1950 में अपने पद से त्यागपत्र दिया और डॉ. राजेंद्र प्रसाद देश के पहले राष्ट्रपति बने।
- 1950 – उत्तर प्रदेश के सारनाथ स्थित अशोक स्तंभ के शेरों को राष्ट्रीय प्रतीक की मान्यता मिली।
- 1937 – में गठित भारतीय संघीय न्यायालय ('फैडेरल कोर्ट ऑफ इंडिया') का नाम 1950 में बदलकर सर्वोच्च न्यायालय ('सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया') कर दिया गया।
- 1963 – मोर के अद्त सौंदर्य के कारण भारत सरकार ने 26 जनवरी इसे राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया।
- 1981 – पूर्वोत्तर भारत में हवाई यातायात सुगम बनाने को ध्यान में रखते हुए हवाई सेवा वायुदूत प्रारम्भ हुई।

विशेष आलेख

# गणतंत्र के 77 वर्षः उपलब्धियाँ, चुनौतियाँ और भविष्य का संकल्प



डॉ. सत्यवान सौरभ

**1947 में सकल घरेलू उत्पाद दो लाख तीस हजार करोड़ था, आज चार सौ लाख करोड़ से अधिक। हरित क्रांति ने अन्न भंडार भरे, सफेद क्रांति ने दूध उत्पादन में विश्व रिकॉर्ड बनाया। इसरो के सौ से अधिक उपग्रह मिशन, कोविशील्ड वैक्सीन ने आत्मनिर्भरता दिखाई।**

भारत का गणतंत्र आज 77 वर्ष का हो चुका है। 26 जनवरी 1950 को लागू हुए संविधान ने एक नई भारत की नींव रखी, जो स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों से प्रेरित थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हमने अनेक क्षेत्रों में प्रगति की—साहित्य, खेल, कृषि, विज्ञान-प्रौद्योगिकी से लेकर आर्थिक-सैन्य क्षमता तक। विविध संस्कृति को मजबूत करते हुए राष्ट्र ने वैश्विक पटल पर अपनी पहचान बनाई। चंद्रयान मिशनों से अंतरिक्ष विज्ञान में अग्रणी बने, यूपीआई जैसी डिजिटल क्रांति ने भुगतान व्यवस्था बदल दी, जबकि ओलंपिक-एशियाड में पदकों की बौछार ने खेलक्षेत्र में नई ऊंचाइयां छुईं। आज विश्व भारत को चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देखता है, जहां सात से आठ प्रतिशत की विकास दर ने गरीबी उन्मूलन में योगदान दिया। लेकिन यह यात्रा सहज नहीं रही। आंतरिक चुनौतियां, सीमापार खतरे और सामाजिक विषमताएं बनी रहीं। गणतंत्र दिवस पर आत्मचिंतन आवश्यक हैः हमने क्या पाया, क्या खोया और भविष्य के लिए क्या संकल्प लें? भारत की पहली और सबसे बड़ी चुनौती थी—विविधता में एकता। महाद्वीप के आकार का यह देश सौ तीस करोड़ से अधिक लोगों, सैकड़ों भाषाओं-बोलियों, विविध धर्मों-संस्कृतियों का मेल था। स्वतंत्रता के समय आशंका थी कि यह एकजुट नहीं रहेगा। विभाजन की त्रासदी ने आशंकाओं को बल दिया, लाखों जानें गईं, लेकिन संविधान ने संघीय ढांचे से एकता सुनिश्चित की। अनुच्छेद एक ने 'भारत एक अखंड राज्य' घोषित किया। भाषाई राज्यों का पुनर्गठन, एकीकृत न्यायपालिका और संवैधानिक संस्थाओं ने क्षेत्रीय आकांक्षाओं को मुख्यधारा से जोड़ा। नक्सलवाद, अलगाववाद जैसी चुनौतियों के बावजूद हमने एकता बनाए रखी। पिछले 25 वर्षों में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना, पूर्वोत्तर में शांति प्रक्रियाएं इसका प्रमाण हैं। आज 'एक देश, एक राशन' जैसी योजनाएं विविधता को शक्ति बना रही हैं। यह उपलब्धि कम नहीं—विश्व के अधिकांश बहुलवादी देश टूट चुके, लेकिन भारत अटल खड़ा है। दूसरी चुनौती थी—लोकतंत्र को जीवंत बनाना। संविधान ने वयस्क मताधिकार, मौलिक अधिकार, धर्मनिरपेक्षता प्रदान की। संसदीय प्रणाली अपनाई, जो ब्रिटिश मॉडल से प्रेरित किंतु भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप। नेहरू युग से चली आ रही परंपरा में अठारह लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण हुए। न्यायपालिका ने जनहित याचिका के माध्यम से गरीबों के अधिकार स्थापित किए—विशाखा दिशानिर्देशों से महिला सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार से शिक्षा का अधिकार। महिला आरक्षण ने पंचायती राज में तैंतीस से पचास प्रतिशत क्रांति लाई, जो राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार की प्रतीक्षा कर रहा। सूचना का अधिकार ने पारदर्शिता बढ़ाई, जबकि वस्तु एवं सेवा कर ने आर्थिक एकीकरण किया। चुनौतियां रहीं—आपातकाल जैसे काले अध्याय, लेकिन संस्थाओं ने पुनरुद्धार किया। आज त्रस्तंभ मजबूत हैंः चुनाव आयोग निष्पक्ष, भारतीय रिज़र्व बैंक आर्थिक स्थिरता का प्रहरी। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र ने साबित किया कि गरीबी और निरक्षरता के बावजूद प्रजातंत्र फल-फूल सकता है। तीसरी चुनौती थी विकास। 1947 में सकल घरेलू उत्पाद दो लाख तीस हजार करोड़ था, आज चार सौ लाख करोड़ से अधिक। हरित क्रांति ने अन्न भंडार भरे, सफेद क्रांति ने दूध उत्पादन में विश्व रिकॉर्ड बनाया। इसरो के सौ से अधिक उपग्रह मिशन, कोविशील्ड वैक्सीन ने आत्मनिर्भरता दिखाई। डिजिटल भारत ने सौ करोड़ से अधिक आधार कार्ड जोड़े, जबकि स्टार्टअप भारत ने एक लाख से अधिक स्टार्टअप जन्मे। सामाजिक मोर्चे पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम ने अस्सी करोड़ को सस्ता अनाज दिया, स्वच्छ भारत ने बारह करोड़ शौचालय बनाए। आयुष्मान भारत ने पचास करोड़ गरीबों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया। लेकिन असमानता बनी—ऊपर दस प्रतिशत के पास सत्तावन प्रतिशत संपत्ति, जबकि निचले पचास प्रतिशत के पास तीन प्रतिशत। ग्रामीण-शहरी खाई, किसान आत्महत्याएं चिंताजनक। फिर भी, गरीबी रेखा से बाहर पच्चीस करोड़ लोग निकले—यह गर्व का विषय। गणतंत्र की उपलब्धियां गर्व का कारण हैं, किंतु खोया भी बहुत। भ्रष्टाचार ने जड़ें जमा लीं—दो जी, कोयला आवंटन जैसी घोटालों ने अरबों लूटे। चुनावी बॉन्ड पर सवाल, नोटबंदी के बाद काला धन वापसी असफल। महिला असुरक्षा चरम पर—निर्भया से हाथरस तक बलात्कार की घटनाएं थम नहीं रही। जातिगत हिंसा, दलित अत्याचार जारी। किसान संकट गहराः न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग, कर्जमाफी नाकाफी। युवा बेरोजगारी तीनों प्रतिशत पर, असंतोष से हिंसा भड़क रही। प्रदूषण घातक, प्रांतीयता का जहर बरकरार। अभिव्यक्ति स्वतंत्रता पर दुरुपयोग। नक्सलवाद, आतंकवाद बने सिरदर्द। ये घाव भारत माता को रक्तरंजित कर रहे। खोया भले हो, लेकिन हल संभव। भ्रष्टाचार पर प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण ने रिसाव रोका। महिला सुरक्षा हेतु फास्ट-ट्रैक कोर्ट, निर्भया कोष उपयोग बढ़ाएं। किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान उत्पादक संगठन मजबूत करें। रोजगार हेतु कौशल भारत, आत्मनिर्भर तीन से दस करोड़ नौकरियां सृजित संभव। सामाजिक सद्भाव हेतु संविधान जागरण अभियान चलाएं। प्रदूषण पर विद्युत वाहन नीति, नमामि गंगे को गति। पंचायती राज को सशक्त बनाएं—महिला प्रतिनिधित्व से स्थानीय शासन मजबूत। युवाओं को मुख्यधारा जोड़ें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता-बिग डेटा से नफरत फैलाव रोका जा सकता। 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार करने हेतु एकजुट हों। गणतंत्र दिवस मात्र परेड-झंडारोहण नहीं, आत्मचिंतन का अवसर। हमने एकता, लोकतंत्र, विकास पाया; भ्रष्टाचार, असमानता खोया।

# संविधान राजनीतिक सुशासन के सपनों का पथ प्रदर्शक है और विधायी मर्यादा का रक्षक भी



संजय खाबिया

*गणतंत्र दिवस केवल भारत की गणतंत्रता का ही नहीं बल्कि भारतीय क्रांतिकारियों के बलिदान और सम्मान का भी दिन है। आज हम जिस आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं, इस स्वतन्त्रता को पाने में अपने देश की हजारों-हजारों माताओं की गोद सूनी हो गई थी, हजारों बहनों बेटियों के माँग का सिंदूर मिट गया था।*

गणतंत्र दिवस के दिन ही भारत की स्थापना एक गणराज्य के रूप में हुई। 26 जनवरी 1950 को गणराज्य के रूप में भारत के स्थापना करने के लिए भारत का निजी संविधान लागू किया गया था इसीलिए इस दिवस को गणतंत्र दिवस के रूप में जाना जाता है। गणतंत्र दिवस केवल भारत की गणतंत्रता का ही नहीं बल्कि भारतीय क्रांतिकारियों के बलिदान और सम्मान का भी दिन है। आज हम जिस आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं, इस स्वतन्त्रता को पाने में अपने देश की हजारों-हजारों माताओं की गोद सूनी हो गई थी, हजारों बहनों बेटियों के माँग का सिंदूर मिट गया था, तब कहीं इस महान बलिदान के बाद देश स्वतंत्र हो सका था। भारतीय शासन और कानून व्यवस्था लागू हुई। गणतंत्र दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि 26 जनवरी 1950 को पूरे 2 साल 11 महीने और 18 दिन लगा कर बनाया गया संविधान लागू किया गया था और हमारे देश भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया। वेसे तो हमारा देश 15 अगस्त 1947 को अंग्रेज़ों के चंगुल से आज़ाद हो गया था परंतु इस आज़ादी को रूप 26 जनवरी को दिया गया।

इसके बाद 26 जनवरी 1950 को अपने देश में भारतीय शासन और कानून व्यवस्था लागू हुई। जिस तरह देश का संविधान है, ठीक उसी तरह परमात्मा का भी संविधान है, यदि हम सब देश की संविधान की तरफ परमात्मा के संविधान का पालन करें तो समाज अपराध मुक्त व सशक्त बन सकता है। देश की समस्याओं को दूर करने के लिए वर्तमान व्यवस्था में व्यापक बदलाव लाने की जरूरत होगी। भ्रष्टाचार लगभग हर समस्या की एकमात्र जड़ है। इसको अगर खत्म कर दिया जाए तो धीरे-धीरे बाकी सभी समस्याएं भी कम होने लगेंगी। देश की राजनैतिक व्यवस्था में भी सुधार की भारी जरूरत है। इसके लिए राजनैतिक दलों को अपनी कार्यशैली बदलनी होगी और कर्मठ और ईमानदार लोगों को राजनीति में आगे बढ़ाना होगा। लोकतंत्र के सभी स्तंभों यानी कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को अपनी भूमिका का अच्छे से निर्वहन करना होगा। इसके अलावा चौथा स्तंभ माने जाने वाले प्रेस को भी अपनी भूमिका ईमानदारी से निभानी होगी। हर आदमी लोकतंत्र का हिस्सा है और सबको अपनी भूमिका का निर्वहन अच्छे से करना होगा तभी भारतीय लोकतंत्र सच्चे अर्थों में सफल हो पाएगा वरना स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर दिए जाने वाले भाषणों में इससे जुड़े मुद्दे उठेंगे और उसके बाद फिर वर्ष भर लोकतंत्र में जनता पिसती रहेगी और रखवाले सोते रहेंगे। ऐसी स्थिति ना आ पाए इसलिए आइए हम सब आज यह प्रण लें कि संविधान के अनुरूप आचरण करेंगे और देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाएंगे। प्रत्येक भारत वासियों को भारत के शहीदों से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने देश को ऊँचाईयो तक पहुंचाने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए और हर भारतीय का कर्तव्य बनता है कि वह देश के विकास के लिए अपना पूरा योगदान दे और देश की रक्षा के लिए हर समय खड़ा रहे। हम सभी जानते हैं कि संविधान की मूल प्रति पर श्रीराम के चित्र का अंकन है। चित्र में माता सीता और लक्ष्मण जी के साथ लंका विजय के बाद अयोध्या पहुंचने का दृश्य है।

## लघुकथा — बढ़ता राजस्थान

मैं तो शहर से या आदमियों से डरकर जंगल इसलिए भागा था कि मेरे सिर पर सींग निकल रहे थे और डर था कि किसी-न-किसी दिन क़साई की नज़र मुझ पर ज़रूर पड़ जाएगी। जंगल में मेरा पहला ही दिन था जब मैंने बरगद के पेड़ के नीचे एक शेर को बैठे हुए देखा। शेर का मुँह खुला हुआ था। शेर का खुला मुँह देखकर मेरा जो हाल होना था वही हुआ, यानी मैं डर के मारे एक झाड़ी के पीछे छिप गया। मैंने देखा कि झाड़ी की ओट भी ग़ज़ब की चीज़ है। अगर झाड़ियाँ न हों तो शेर का मुँह-ही-मुँह हो और फिर उससे बच पाना बहुत कठिन



हो जाए। कुछ देर के बाद मैंने देखा कि जंगल के छोटे-मोटे जानवर एक लाइन से चले आ रहे हैं और शेर के मुँह में घुसते चले जा रहे हैं। शेर बिना हिले-डुले, बिना चबाए, जानवरों को गटकता जा रहा है। यह दृश्य देखकर मैं बेहोश होते-होते बचा। अगले दिन मैंने एक गधा देखा जो लंगड़ाता हुआ शेर के मुँह की तरफ़ चला जा रहा था। मुझे उसकी बेवक़ूफ़ी पर सख़्त ग़ुस्सा आया और मैं उसे समझाने के लिए झाड़ी से निकलकर उसके सामने आया। मैंने उससे पूछा, तुम शेर के मुँह में अपनी इच्छा से क्यों जा रहे हो? उसने कहा, वहाँ हरी घास का एक बहुत बड़ा मैदान है। मैं वहाँ बहुत आराम से रहूँगा और खाने के लिए ख़ूब घास मिलेगी। मैंने कहा, वह शेर का मुँह है। उसने कहा, गधे, वह शेर का मुँह ज़रूर है, पर वहाँ है हरी घास का मैदान। इतना कहकर वह शेर के मुँह के अंदर चला गया। फिर मुझे एक लोमड़ी मिली।

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# आप भी रोटी-पराठे के साथ पीते हैं चाय? आपकी यह छोटी सी आदत शरीर से छीन रही है जरूरी पोषण

ज्यादातर लोगों के दिन की शुरुआत गर्म चाय की प्याली के साथ ही होती है। कुछ लोगों को चाय इतनी पसंद होती है कि वे खाने के साथ या खाने के बाद भी चाय पीते हैं। कुछ लोग तो रोटी या पराठे के साथ ही चाय पीना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी यह छोटी सी आदत आपके शरीर को जरूरी पोषण मिलने में रुकावट डाल सकती है? दरअसल, खाने के साथ या बाद चाय पीना आपकी सेहत को गहरा नुकसान पहुंचा सकता है। आइए जानें कैसे। वैज्ञानिक पी.बी. डिसलर की रिसर्च, 'द इफेक्ट ऑफ टी ऑन आयरन एब्जॉर्शन', में यह साफ किया गया है कि चाय और खाने को एक साथ लेना शरीर के लिए सही नहीं है। चाय में टैनिन नाम का एक केमिकल कंपाउंड पाया जाता है, जो हमारे खाने में मौजूद आयरन के साथ चिपक जाता है। जब टैनिन और आयरन मिलते हैं, तो ये एक गांठ जैसा कॉम्प्लेक्स बना लेते हैं, जिसे हमारा शरीर पचाने में असमर्थ होता है। आसान शब्दों में कहें तो, खाने के बाद चाय पीने से शरीर को खाने में मौजूद पूरा आयरन नहीं मिल पाता।



हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। आप अपनी योजनाओं में कुछ बदलाव भी करेंगे, जिसका आपको अच्छा खासा फायदा मिलेगा।

### वृष
आज आपको धन का लेनदेन बहुत ही सोच विचारकर करने की आवश्यकता है। आपका कोई काम यदि लंबे समय से लंबित पड़ा था, तो वह भी पूरा करने के लिए आप समय निकालेंगे।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके बिजनेस के लिए बेहतर रहेंगी।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए धन से संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा और आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें भी आपको अच्छी सफलता मिलेगी।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों को कंट्रोल करके चलने के लिए रहेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों से भरा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको मन मुताबिक काम ना मिलने से आप परेशान रहेंगे। आपके मित्र आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे।

### तुला
आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप दान-पुण्य के कार्यों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। जीवनसाथी और आपके बीच चल रही अनबन भी बातचीत के जरिए दूर होगी।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए आय के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आपको पुराने इन्वेस्टमेंट से भी अच्छा लाभ मिलेगा और आपको कोई साइड इनकम भी जुड़ने की संभावना है।

### धनु
आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपको अपने अंदर की कमियों को दूर करके आगे बढ़ना होगा और कार्यक्षेत्र में किसी काम को लेकर आपको झूठा साबित किया जा सकता है।

### मकर
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आने वाला है। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखना होगा। आप अपने कामों को लेकर थोड़ी सख्ती दिखाएं और संतान पढ़ाई-लिखाई के प्रति लापरवाही करेगी।

### मीन
आज आपकी मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा। आपको बॉस आपके कामों से काफी खुश रहेंगे। यदि आप उनको कोई सुझाव देंगे, तो वह उस पर अमल अवश्य करेंगे। आज पड़ोस में भी आपकी अच्छी धाक रहेगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।

# जीआरएएम-2026 के तहत गिरदावर सर्किल स्तरीय ग्राम उत्थान विशेष शिविर संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल जीआरएएम 2026 के अंतर्गत गिरदावर सर्किल स्तर पर आयोजित एक दिवसीय ग्राम उत्थान विशेष शिविर पंचायत समिति सभागार निंबाहेड़ा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य किसानों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों को विभिन्न विभागीय योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाना रहा।

शिविर के मुख्य अतिथि पूर्व यूडीएच मंत्री एवं निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार एवं कमलेश बुनकर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, सहकारिता, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, जल संसाधन, ऊर्जा, ग्रामीण विकास, पंचायत राज एवं आपदा प्रबंधन विभागों द्वारा संयुक्त रूप से शिविर आयोजित कर योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मौके पर ही अनेक आवेदनों का निस्तारण किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक श्रीचंद कृपलानी ने शिविर को सम्बोधित करते हुए कहा कि त्रर्क्ररू-2026 किसानों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों को तकनीक, योजनाओं और सरकारी सुविधाओं से सीधे जोडने़ का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति तेज होगी तथा पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी रूप से पहुंचेगा। उन्होंने किसानों से अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।




























# मतदान का संदेश, स्वास्थ्य का संकल्प-साइकिल पर सवार हुआ ब्यावर

**बढ़ता राजस्थान**

ब्यावर (अनिल सिखवाल) । 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राज्य निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार ब्यावर में 'फिट इंडिया साइक्लिंग ड्राइव' के तहत 'संडेज़ ऑन साइकिल' पहल को जनसमर्थन मिला। इस अवसर पर आयोजित साइकिल रैली में युवाओं, विद्यार्थियों, स्काउट–गाइड एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने उपस्थित नागरिकों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई तथा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री ब्रह्म लाल जाट, एसीईओ गोपाल लाल, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह, सब रजिस्ट्रार आदित्या मेहरा सहित अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

## मिस डेजर्ट राजस्थान : जयपुर ऑडिशन में दिखा स्टाइल और टैलेंट का जलवा

**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर ( का.स. )।** मिस डेजर्ट राजस्थान का पहला जयपुर ऑडिशन भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस ऑडिशन में पूरे राजस्थान से आई साठ मॉडल्स ने भाग लिया और अपनी कला—आत्मविश्वास व टैलेंट का शानदार प्रदर्शन किया।

शो के आयोजक नरेंद्र कुमार गंगवाल एवं अरुण कुमार सिंह ने बताया कि इस ऑडिशन में जयपुर के साथ–साथ भरतपुर, अलवर,अजमेर, फुलेरा, सीकर,झुंझुनू सहित राजस्थान के कई शहरों की प्रतिभाशाली लड़कियों ने हिस्सा लिया। आयोजकों के अनुसार आगे उदयपुर और जोधपुर में भी इस तरह के ऑडिशन आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद फरवरी में सेमीफाइनल और मार्च में जयपुर में ग्रैंड फिनाले आयोजित किया जाएगा।

आयोजक नरेंद्र कुमार गंगवाल ने बताया कि ऑडिशन में जूरी मेंबर्स के रूप में रजनीश जैन,रजनीश सिंह,अमित कुमार खंडेलवाल एवं पवन गोयल ने निर्णायक की भूमिका निभाई और मॉडल्स को सही दिशा दिखाने में अहम योगदान दिया। वहीं शो मेंटोर कोनिका आर्य ने प्रतिभागियों को कैटवॉक और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के महत्वपूर्ण गुर सिखाए। इसके अलावा इस कार्यक्रम के संयोजक दीपक अग्रवाल एवं पलक बंसल रहे। जिन्होंने पूरे आयोजन को आकर्षक और सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान उत्साह और ग्लैमर का माहौल बना रहा।

अरुण कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता की विजेता को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा प्रतिभागियों को एल्बम सॉन्ग में लीड रोल और आने वाली शॉर्ट फिल्मों में काम करने का मौका भी मिलेगा। इस शो के माध्यम से राजस्थान की खूबसूरती,कला,वेशभूषा और संस्कृति को भी दर्शाया जाएगा। जिसकी झलक मंच पर साफ नजर आएगी।

## राजमाता सिंधिया की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की




**बढ़ता राजस्थान**

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया की पुण्यतिथि के अवसर पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी की विशेष उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राजमाता सिंधिया उद्यान में उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

स्थानीय बड़ौली माधोसिंह मार्ग स्थित राजमाता सिंधिया उद्यान में स्थापित राजमाता विजया राजे सिंधिया की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान विधायक कृपलानी ने कहा कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया त्याग, सेवा और राष्ट्रनिष्ठा की प्रतीक थीं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन आमजन के कल्याण और राष्ट्रहित को समर्पित कर दिया। कृपलानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने में राजमाता सिंधिया का योगदान अतुलनीय है। उनका जीवन आज भी जनसेवा और राष्ट्रनिर्माण के लिए हम सभी को प्रेरणा देता है।

राजमाता सिंधिया के पुण्यतिथि पर आयोजित इस पुष्पांजलि कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर, जिला प्रवक्ता मानवेंद्र सिंह चौहान, नगर उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, कुलदीप सिंह राठौड़, विक्की डागा, चंद्रपाल सिंह आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।





















# कार्यालय नगर पालिका मण्डल बाड़ी (धौलपुर) राज.

E-Mail – lsg.cmo.bri-rj@nic.in Bari.jaipur@yahoo.com Phone No. – 05647-274530

क्रमांक – न.पा.बा. / संस्थापन / 2026 / 879 दिनांक – 23.01.2026

## – सार्वजनिक सूचना –

नगर पालिका क्षेत्र बाडी के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 कार्यवाही आरम्भ हो चुकी है इसी क्रम में स्वायत्त शासन विभाग जयपुर द्वारा दिनांक 12.04.2019 को एक अधिसूचना जारी की गई है जिसके अन्तर्गत निम्न उपविधियों के उल्लंघन में किये गये कृत्यों के लिये मौके पर निम्नानुसार जुर्माना राशि बसूली जावेगी।

| क्र.सं. | कृत्य | जुर्माना राशि |
|---|---|---|
| 1 | दुकानदारों द्वारा कचरा रोड / गली में डालने पर | 250 रूपये प्रतिदिन |
| 2 | रहवासीय भवनों के निवासियों द्वारा कचरा फैलाने पर | 50 रूपये प्रतिदिन |
| 3 | दुकानदारों ( Vendor/Hawker ) को बिना कचरा पात्र पाये जाने पर | 150 रूपये प्रतिदिन |
| 4 | रहवासीय भवनों के निवासियों द्वारा रोड / गली में कचरा फैलाने ( Littering ) पर | 50 रूपये प्रतिदिन |
| 5 | औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा खुले में कचरा डालने पर | 1500 रूपये प्रतिदिन |
| 6 | हलवाई,चाट,पकौडी,फास्ट फूड आईस्क्रीम गन्ने का रस एवं अन्य जूस सब्जी एवं फ्रूट आदि ठेला व्यवसायियों पर | 50 रूपये प्रतिदिन |
| 7 | दुकानदारों द्वारा कचरा डालने पर | 250 रूपये प्रतिदिन |
| 8 | रेस्टोरेन्ट मालिकों द्वारा खुले में कचरा डालने पर | 500 रूपये प्रतिदिन |
| 9 | मीटट की दुकानों के सामने दुकानदार द्वारा काटे गये जानवरों की हड्डियां,मलवा,मलीदा,खून,मुर्गे के पंख,अण्डों के छिलके इत्यादि सडक आम रास्तों में डालकर गन्दगी फैलाने पर | 2000 रूपये प्रतिदिन |
| 10 | आम रास्ता सडक व मकान के सामने पालतू जानवरों से गन्दगी फैलाने पर | 2000 रूपये प्रतिदिन |
| 11 | आम रास्ता,सडक पर खुलेआम मांस मछली पकाने व अंश सडक पर डालने व गन्दगी फैलाने पर | 1000 रूपये प्रतिदिन |
| 12 | दुकानदारों अथवा व्यवसायियों द्वारा आम रास्ता,सडक अथवा दुकानों के सामने की खाली,सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भवन सामग्री डालकर व्यवसाय करने पर | 2000 रूपये प्रतिदिन |
| 13 | आम रास्ता सडक फुटपाथ सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय,ढाबा चलाकर गन्दगी फैलाने पर | 250 रूपये प्रतिदिन |
| 14 | विवाह स्थलों द्वारा कचरा फैलाने पर | 2000 रूपये प्रतिदिन |
| 15 | प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग करते पाये जाने पर | 50 रूपये प्रतिदिन |
| 16 | खुले में पेशाव ( Yellow Point ) करने पर | 50 रूपये एकवार |
| 17 | खुले में शौच करने पर | 100 रूपये एकवार |
| 18 | खुले में गोबर डालने पर | 1500 रूपये एकवार |
| 19 | कचरा एवं प्लास्टिक कचरा जलाने पर | 100 रूपये प्रतिदिन |
| 20 | अपने मकानों या भवनों के सीवरेज की गन्दगी आम नाली / नाले / सडक पर बहाने पर | 1500 रूपये प्रतिदिन |
| 21 | निजी मकान / दुकान इत्यादि के निर्माण का मलवा निर्माण सामग्री,ईट,सीमेन्ट,लोहा,पत्थर,सरकारी भूमि पर डालने पर | 250 रूपये प्रतिदिन |

महत्वपूर्ण उपविधियों के अलावा भी अन्य कई उपविधियों को इस अधिसूचना में शामिल किया गया है।

नोट – नगर पालिका बाडी के द्वारा किये जा रहे घर घर कचरा संग्रहण हेतु ऑटो टिपर में गीला व सूखा कचरा संग्रहण हेतु अलग अलग व्यवस्था की गई है। आपके घरों में किया जाने वाला गीला व सूखा कचरा को अलग अलग कूडेदान में संग्रहित कर कचरा वाहन में गीले व सूखे हेतु अलग अलग बॉक्स में डालें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (भगवत शरण त्यागी) | (अभिताभ बच्चन) | (अमित कुमार गोयल) | (आशीष मित्तल) |
| प्रशासक | अधिशाषी अधिकारी | कनिष्ठ अभियन्ता | सहायक लेखाधिकारी |
| नगर पालिका बाडी | नगर पालिका बाडी | नगर पालिका बाडी | नगर पालिका बाडी |

77वें गणतंत्र दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
इंडियन ऑयल
77TH 26TH JANUARY REPUBLIC DAY
चन्द्रवीर सिंह राठौड़ पूर्व प्रधान 9414574373
गणपति फिलिंग स्टेशन- प्रतापपुरा (आसींद)
महावीराय किसान सेवा केन्द्र- मोड़ का निम्बाहेड़ा
हस्तीमल चौरड़िया 9414573685

माँ शारदे फिलिंग स्टेशन
किसान सेवा केन्द्र
गमनीया हमीरा, गांगड़तलाई, जि-बांसवाड़ा
मो.9414102210, 9982682468
लता देवी बिल्डींग मटेरियल सप्लायर्स-शेरगढ़
प्रो. दिनेशचन्द्र कलाल-शेरगढ़
आर.के. मेडीकल स्टोर गांगड़तलाई
प्रो. राजेन्द्र कुमार टेलर

AKSHDEEP BUILDERS
(PWD) AA CLASS GOVT. CONTRACTOR
A-26, Kamla Vihar, Bhilwara (Raj.)
Mo. 9079974540
ROAD CONSTRUCTION BUILDING WORKS BRIDGE PROJECTS

77वें गणतंत्र दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day 2026
विनोद रतनू
जिलाध्यक्ष- अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ, अजमेर
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष- अखिल भारतीय चारण गढ़वी महासभा युवा
मो. 9602574047

77वें गणतंत्र दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
बलदेव सैनी
मारवाड़ हैण्डीक्राफ्ट एवं उद्योग मेला
चिड़ावा (झुंझुनू) मो. 9950138250

77वें गणतंत्र दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
77TH 26TH JANUARY REPUBLIC DAY
गिर्राज सिंह राठौड़ ठि. झुण्ड तह.सांगानेर, (जयपुर) 63778 81315
उम्मेद सिंह चौहान ठि. खेडला खुर्द तह. लालसोट (दौसा) 99836 86845
बसंत विहार सी विजयपुरा आगरा रोड जयपुर

77वें गणतंत्र दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Happy गणतंत्र दिवस 26 January
अनीता जाटव
विधायक
विधानसभा क्षेत्र हिण्डौन

77वें गणतंत्र दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day 2026
पुखराम/दीपाराम गहलोत
समाजसेवी मो. 9166872269
पूर्व जिला परिषद सदस्य, सिरोही
गहलोत फार्म हाऊस, मूंगथला

77वें गणतंत्र दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पवन कुमार जोशी 9829322167
महेश कुमार ढाका 9413344302
अरावली वेटनरी कॉलेज
अरावली कॉलेज ऑफ इंडिया
वी.पी.ओ. बाजौर एनएच-52, जयपुर रोड़, सीकर 01572-222748
राजस्थान नर्सिंग इंस्टीट्यूट (जीएनएम)
राजस्थान कॉलेज ऑफ नर्सिंग (बी.एससी. नर्सिंग)
राजस्थान पशुपालन महाविद्यालय (ए.एच.डी.पी.)
किसान कॉलोनी, नवलगढ़ रोड़, सीकर
01572-248421, 248259

विकास सैण्ट्रल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, मण्डावर
आकाश ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मण्डावर
Happy Republic Day
77वें गणतंत्र दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डायरेक्टर विकास उपाध्याय M. 97998 54848
डायरेक्टर आकाश उपाध्याय M. 8058716716
एम. डी. शर्मा सर द्वारा संचालित अन्य संस्थाएं
* आकाश टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, मण्डावर (B.Ed., STC)
* आकाश पी.जी. कॉलेज, मण्डावर
* कौशल्या देवी बालिका पी. जी. महाविद्यालय
* विकास सैन्ट्रल इंग्लिश मीडियम स्कूल, मण्डावर
* दा सान्टा किड्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, मण्डावर
* विकास सैन्ट्रल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, गढ़ हिम्मतसिंह
एम. डी. शर्मा M. 8104339492

77वें गणतंत्र दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
डॉ. नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित
फिजिशियन एवं कार्डियोलोजिस्ट
MBBS, MD
Mo.9116574002, 7378151848
स्वरूप हॉस्पिटल
हीरागर बाड़ी, हाई स्कूल के सामने, शिवगंज (सिरोही)

77TH 26TH JANUARY REPUBLIC DAY
77वें गणतंत्र दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सौरभ एजुकेशन कैम्पस
खेड़ा, हिण्डौन, जिला करौली

प.पू. चेतनगिरी जी प.पू.जगदीशानंद जी प.पू. महेश्वरनंद जी
77वें गणतंत्र दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
India Republic Day January 26th
रमेश कुमार चुन्नीलाल माली
काछोला वाले
शीतला माता मंदिर के सामने, स्वरूपगंज, सिरोही
मो. 9414544491, 9799668745

Happy गणतंत्र दिवस 26 January
PARAS HOSPITAL Health Care Center
सुविधाएं :-
24/7
• नॉर्मल एवं ऑपरेशन (सिजेरियन) से डिलेवरी
• बार-बार गर्भपात होना एवं सफेद पानी का आना
• बच्चेदानी के समस्त प्रकार के ऑपरेशन
• निःसंतानता की जाँच, परामर्श व इलाज
• स्त्री में अण्डे न बनना एवं समस्त स्त्री व प्रसूति रोगों का उपचार
• अपेन्डिक्स व पित्त की थैली में पथरी का ऑपरेशन
• कम्प्यूटराईज्ड लैब एवं सोनोग्राफी (4D)
• नसबंदी ऑपरेशन
स्त्री एवं प्रसूति रोगों की सेवाएं (गायनी/ऑब्स)
डॉ. नबाबसिंह बैनीवाल
(एम.एस., स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) पारस हॉस्पिटल, हिण्डौन सिटी
पारस हॉस्पीटल
सूरौठ पैलेस के पास, पावर हाऊस के सामने, बयाना रोड, हिंडौन सिटी
सम्पर्क सूत्र : 9929303086 (विकास शर्मा), 7014727103

77वें गणतंत्र दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
77TH 26TH JANUARY REPUBLIC DAY
India Republic Day January 26th
ओम अग्रवाल
ओम ट्रांसपोर्ट कम्पनी
रीको आद्योगिक क्षेत्र, खेरदा, सवाई माधोपुर

Happy Republic Day
77वें गणतंत्र दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
किशोर सेवदा
निर्दलीय प्रत्याशी
विधानसभा क्षेत्र-नीमकाथाना
खण्डेलवाल टेंट हाउस

भव्य एन्क्लेव टाउनशिप, खाटूश्यामजी
77वें गणतंत्र दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
डालचंद गुप्ता
श्री खाटूश्याम कॉलोनाइजर्स प्रा. लि., जयपुर
श्री श्याम भव्य बिल्डर्स प्रा. लि.
एफ-364, सेक्टर-3, विद्याधर नगर, जयपुर

77वें गणतंत्र दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
India Republic Day January 26th
शोभा चौहान
विधायक सोजत विधानसभा

Happy Republic Day
77वें गणतंत्र दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
गणेश घोगरा
विधायक-डूंगरपुर (डूंगरपुर)- विधानसभा क्षेत्र

77वें गणतंत्र दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day 2026
हीरालाल सैनी
अध्यक्ष: ब्लॉक कांग्रेस कमेटी
जिला परिषद सदस्य
एए क्लास पीडब्ल्यूडी कॉन्ट्रेक्टर
मैसर्स हीरालाल सैनी कंट्रक्शन कंपनी

# महिला उद्यमियों, प्रोफेशनल्स एवं समाजसेवियों की पांचवी बिजनेस मीट सम्पन्न

**बढ़ता राजस्थान**

**उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर वीमेन राइजिंग एवं सांतूर मॉम्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न क्षेत्रों की महिला उद्यमियों, प्रोफेशनल्स एवं समाजसेवियों की पाँचवी बिजनेस मीट-अप आयोजित की गई।

उदयपुर वीमेन राइजिंग एवं सांतूर मॉम्स क्लब की संस्थापक सुनीता सिंघवी ने बताया कि इस मीट का उद्देश्य महिलाओं को एक-दूसरे से जोडना, उन्हें आत्मविश्वास देना तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है।यह मंच महिलाओं के लिए निरंतर सशक्त अवसर प्रदान कर रहा है।

कार्यक्रम की मेज़बानी डॉ. स्वालेहा खातून द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मलय चक्रवर्ती, पूर्व प्रबंधक (वित्त) हिंदुस्तान जिंक थे। जिन्होंने अपने अनुभव और प्रेरणादायक विचारों से महिलाओं का मार्गदर्शन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विप्लव कुमार जैन मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान तत्त्वबोध ट्रस्ट के सदस्यों को उनके सामाजिक सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अमित माथुर, ओम चौधरी, अमीषा माथुर एवं रुद्राक्ष सिंघवी मौजूद थे। कार्यक्रम में अन्य विशिष्ट अतिथि एवं प्रतिभागी के रूप में निधि सक्सेना, राजेश शर्मा, सुगंधा चौबीसा, दीप्ति जोशी, ज्योति चोरडि?ा, गुंजन खोइवाल, अलाफेया मेहंदी, शलाका पाटिल, माधुरी जैन, ख्याति खमेसरा, पूनम पालीवाल एवं शुभांगी वरनगांवकर प्रमुख मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कई प्रेरणादायक सत्र आयोजित किए गए। माधुरी जैन ने फूड और पैशन से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए महिलाओं को अपने शौक को व्यवसाय में बदलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को शलाका पाटिल,शुभांगी वरनगांवकर ने अपने संबोधन में बताया कि आत्मविश्वास तभी सार्थक होता है, जब वह समाज और आने वाली पीढ़ी के लिए उपयोगी बने। इस मीट-अप का सबसे खास पहलू यह रहा कि सांतूर मॉम्स क्लब की कई महिलाओं ने सुनीता सिंघवी के मार्गदर्शन से प्रेरणा लेकर अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू किए हैं। जैसे फूड, ज्वेलरी और कपड़ों का व्यवसाय और आज वे अपने-अपने क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम के अंत में सुनीता सिंघवी एवं डॉ. स्वालेहा खातून द्वारा सभी महिला उद्यमियों का सम्मान किया गया।

# सनातन मंगल महोत्सव के अंतर्गत भूमि व धर्मध्वजा पूजन संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** हरि शेवा उदासीन आश्रम स्थित सनातन मंदिर में आगामी 19 से 26 फरवरी 2026 को होने वाले दीक्षा दान समारोह के उपलक्ष्य में सनातन मंगल महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को भूमि पूजन एवं धर्मध्वजा स्थापना कार्यक्रम संतों के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुआ, जिसके पश्चात भजन, संकीर्तन एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए।

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन व संत मंडल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर विष्णु यज्ञ स्थल की भूमि का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। इस अवसर पर धर्मध्वजा की स्थापना भी की गई। स्वामी हंसराम उदासीन ने कहा कि दीक्षा दान के माध्यम से शिष्यों को राष्ट्र व धर्म सेवा के लिए समर्पित किया जाता है तथा आश्रम द्वारा तीन ब्रह्मचारियों को संत दीक्षा दी जाएगी।

श्रीमहंत लक्ष्मणदास त्यागी ने आयोजन को सनातन समाज को एक सूत्र में जोडने वाला बताया, वहीं श्रीमहंत स्वरूपदास उदासीन ने संतों व श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में दीक्षा दान समारोह की आमंत्रण पत्रिका का पूजन भी किया गया।


कार्यक्रम में शहर विधायक , नगर निगम महापौर राकेश पाठक सहित अनेक संत, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। संचालन हनुमान अग्रवाल ने किया।

# सनातन मंगल महोत्सव के अंतर्गत भूमि व धर्मध्वजा पूजन संपन्न

**बढ़ता राजस्थान**

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** हरि शेवा उदासीन आश्रम स्थित सनातन मंदिर में आगामी 19 से 26 फरवरी 2026 को होने वाले दीक्षा दान समारोह के उपलक्ष्य में सनातन मंगल महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को भूमि पूजन एवं धर्मध्वजा स्थापना कार्यक्रम संतों के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुआ, जिसके पश्चात भजन, संकीर्तन एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन व संत मंडल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर विष्णु यज्ञ स्थल की भूमि का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। इस अवसर पर धर्मध्वजा की स्थापना भी की गई। स्वामी हंसराम उदासीन ने कहा कि दीक्षा दान के माध्यम से शिष्यों को राष्ट्र व धर्म सेवा के लिए समर्पित किया जाता है।

















| क.सं. | विवरण | देय राशि |
|---|---|---|
| 1 | पात्र चिकित्सा संस्थानों में बालिका के जन्म पर | 2500/- |
| 2 | बालिका की आयु एक वर्ष पूर्ण होने एवं समस्त टीकाकरण पर | 2500/- |
| 3 | राजकीय विद्यालय/राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में बालिका के प्रथम कक्षा में प्रवेश लेने पर | 4000/- |
| 4 | बालिका के कक्षा 6 में प्रवेश लेने पर | 5000/- |
| 5 | बालिका के कक्षा 10 में प्रवेश लेने पर | 11000/- |
| 6 | बालिका के कक्षा 12 में प्रवेश लेने पर | 25000/- |
| 7 | सरकार से मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं 21 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर | 1 लाख |



भगवान देवनारायण का 1114वां अवतरण दिवस

## शिक्षित महिलाएं ही कर सकती हैं सशक्त और कर्जमुक्त समाज का निर्माण- भड़ाना



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भगवान श्री देवनारायण के 1114वें अवतरण दिवस के अवसर पर सवाई माधोपुर जिले में कई स्थानों पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता के संदेश दिए गए। राजस्थान सरकार में देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना ने जिले के छान एवं फलौदी गांव में हुए इन आयोजनों में सहभागिता की। फलौदी गांव में दंगल कार्यक्रम में भड़ाना ने पारंपरिक लोक संस्कृति से सराबोर माहौल में समाज में बालिका शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा और अच्छा स्वास्थ्य ही सशक्त समाज की नींव है। पढ़ी-लिखी महिलाएं सशक्त और कर्जमुक्त समाज का निर्माण कर सकती है। भड़ाना ने कहा कि राज्य के इतिहास में पहली बार भगवान श्री देवनारायण जी से जुड़े प्रमुख धार्मिक स्थलों के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा ठोस पहल की गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार ने भगवान देवनारायण जी की जन्मस्थली आसींद (भीलवाड़ा), निर्वाण स्थली देवमाली (मसूदा), बगड़ावतों की भूमि अंतरराष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाईभोज सहित विभिन्न स्थलों के जीर्णोद्धार का कार्य किया है ! कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, समाज के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस समारोह आज, जलदाय एवं भूजल मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ध्वजारोहण करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह सोमवार को पुलिस लाइन ग्राउण्ड में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि जलदाय एवं भूजल मंत्री श्री कन्हैया लाल चौधरी ध्वजारोहण करेंगे। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि 26 जनवरी को सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि पुलिस लाइन ग्राउण्ड में ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद सलामी एवं राष्ट्रधुन, परेड निरीक्षण, मार्च पास्ट, राज्यपाल महोदय का संदेश पठन, वीरांगनाओं का सम्मान, पुरस्कार वितरण, सांस्कृतिक झलकियां, योगा ड्रिल, सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन, झांकी प्रदर्शन एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने सआदत चिकित्सालय का निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** आमजन सरकारी अस्पतालों में उपचार के लिए परेशान नहीं हो और उन्हें अस्पताल में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलें। इसे लेकर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने रविवार को जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सआदत अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने सआदत अस्पताल के निरीक्षण के दौरान वार्डों में जाकर रोगियों एवं उनके परिजनों से मिल रहे उपचार की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान हर वार्ड में जाकर चिकित्सा व्यवस्था की स्थिति को देखा। उन्होंने कहा की जिले के सआदत अस्पताल एवं अन्य चिकित्सा संस्थान का नियमित रुप से दौरा कर रहे है। चिकित्सा व्यवस्थाओं एवं आवश्यक संसाधनों की कमी दूर करने के प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा की जिला अस्पताल की मुख्य मांग एमआरआई मशीन, सोनोलॉजिस्ट, एवं बैड की संख्या में वृद्धि करने की है, इसके बारे में राज्य स्तर पर अवगत कराया गया है। सार्वजनिक निर्माण विभाग को अस्पताल में सिविल मेंटेनेंस एवं इलेक्ट्रीक कार्य को पूरा करने के लिए एक करोड़ 41 लाख रुपए की राशि को ट्रांसफर की गई है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशाषी अभियंता दीन मोहम्मद से कार्य की प्रगति की अपडेट जानकारी लेते हुए इसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान पीएमओ हनुमान प्रसाद बैरवा समेत अन्य चिकित्सा अधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहा।



## गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में उपखण्ड अधिकारी करेंगे ध्वजारोहण

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गणतंत्र दिवस पर कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित मुख्य समारोह में उपखण्ड अधिकारी प्रीति मीणा ध्वजारोहण करेंगे साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी कई सांस्कृतिक व देशभक्ति कार्यकर्मो की प्रस्तुतियां देंगे। गणतंत्र दिवस पर डाक बंगले में भारतीय जनता के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक रामसहाय वर्मा भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ झण्डारोहण करेंगे। इस दौरान विधायक रामसहाय वर्मा भाजपा के कार्यकर्ता गांधी पार्क में गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि करके शास्त्री पार्क में भी पंडित हीरालाल शास्त्री की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। नगरपालिका कार्यालय पर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी व अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट, पंचायत समिति कार्यालय पर विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव, पटेल रोड कांग्रेस कार्यालय पर ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल जाट व शहर अध्यक्ष एडवोकट सतीश शर्मा, अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायालय में मुख्य अतिथि तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष व अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश सृष्टि चौधरी, तहसील कार्यालय में तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर, पुलिस वृताधिकारी कार्यालय पर डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा, राजकीय स्वामी विवेकानन्द मॉडल विद्यालय में प्रधानाचार्य कुम्भाराम चौधरी, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्या लक्ष्मी शर्मा, ट्रक यूनियन पर यूनियन अध्यक्ष गणपत मीणा व भंवरलाल यादव, राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य मीनाक्षी बघेल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर, रानीलक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय में अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ध्वजारोहण करेंगे।

# 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस : नव मतदाता और उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं सुपरवाइजर सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी काना राम के मुख्य आतिथ्य में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मानटाउन सवाई माधोपुर में आयोजित हुआ।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाता है। यह नागरिकों को वोट के अधिकार के प्रति जागरूक रहने का संदेश देता है। उन्होंने निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों एवं कार्मिकों को निष्पक्षता के साथ चुनाव संबंधी कार्यों को संपादित कर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करवाने के लिए प्रेरित किया। काना राम ने कहा कि पिछले तीन महीनों से जिले मतदाता जागरूकता और एसआईआर प्रक्रिया 2026 में सवाई माधोपुर जिले में बेहतरीन कार्य हुआ है, जिसके लिए यहां के अधिकारियों को राज्य स्तर पर सम्मानित भी किया गया है। उन्होंने कहा कि जो मतदाता 1 अक्टूबर, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वे मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। एसआईआर-2026 के तहत जिले में 25 हजार से अधिक नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं।

### नव मतदाताओं का सम्मान

जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने नव मतदाता सपना बैरवा, सुनीता बैरवा, मुस्कान बैरवा, विशेष गोयल, पल्लवी बैरवा, योगिता प्रजापत, कुंजन खिंची, दुर्गेश यादव और निशा यादव को मतदाता का बैज लगाकर और माई भारत-माई वोट टी-शर्ट वितरित कर सम्मानित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने वर्ष 2025 में मतदाता जागरूकता एवं विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में चुनाव संबंधी श्रेष्ठ कार्यो के लिए बूथ लेवल अधिकारियों बनवारी लाल मीना, राजेश गोयल, अमित कुमार पाटीदार, कालुराम मीना, मेघराज मीना, रमेश चन्द गुप्ता, आनन्द कृष्ण शर्मा, हेमन्त कुमार गौतम को सम्मानित किया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र गंगापुर सिटी के बीएलओ/सुपरवाइजर सुनील कुमार मीना, राकेश गुर्जर, गौरव मीना, राजेश कुमार मित्तल, रविशंकर शर्मा, बामनवास विधानसभा क्षेत्र के राजेश कुमार मित्तल, कमलेश सैनी, माली राम गुर्जर, मुरलीधर सैनी, अरविन्द सिंह गुर्जर, सवाई माधोपुर विधानसभा क्षेत्र के रामराज मीना, भारत सिंह गुर्जर, पांचू लाल मीना, कृष्णा महावर, हरिशंकर नामा और खण्डार विधानसभा क्षेत्र के हरिराम मीना, गोविन्द महावर, कैलाश चंद गुप्ता, नागाराम मीना, मोरसिंह गुर्जर को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े बूथ लेवल अधिकारियों, सुपरवाइजर और नव मतदाताओं को मतदाता दिवस की बधाई दी। उन्होंने सभी उपस्थितजनों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई।

## 'माय भारत, माय वोट' थीम पर निकाली मतदाता जागरूकता पदयात्रा




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत मुख्यालय के निर्देशानुसार 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर युवाओं एवं आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा ने मतदाता जागरूकता पदयात्रा को कलक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह पदयात्रा कलक्ट्रेट से प्रारम्भ होकर अम्बेडकर सर्कल, शर्मा होटल होते हुए टोंक बस स्टैंड होते हुए राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मानटाउन पहुंची। पदयात्रा में युवाओं, विशेषकर प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं पर विशेष फोकस रहा। कार्यक्रम की थीम 'माय भारत, माय वोट' के नारे लगाते हुए प्रतिभागी युवाओं ने लोकतांत्रिक सहभागिता को बढ़ावा देने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान चुनिंदा प्रथम बार के मतदाताओं माय भारत टी-शर्ट देकर सम्मान भी किया गया तथा सभी प्रतिभागी युवाओं को माय भारत बैज भी वितरित किए गए। पदयात्रा में शिक्षा विभाग, कॉलेज शिक्षा विभाग, माय भारत, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड, खेल विभाग तथा भारतीय खेल प्राधिकरण से जुड़े सैकड़ों स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने युवाओं एवं नागरिकों से अपील की है कि वे मतदान के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं तथा एक जागरूक और सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर माय भारत जिला युवा अधिकारी हर्षित खंडेलवाल, कलक्ट्रेट में चुनाव विभाग के हनुमान जैन, शिक्षा विभाग के चंद्रशेखर जैमिनी, प्रिंसिपल राजकीय महाविद्यालय गोपाल सिंह, प्रिंसिपल चंद्रशेखर शर्मा, जिला एनएसएस प्रभारी राकेश मीणा, स्कॉउट सचिव महेश सेजवाल, हिंदुस्तान स्काउट से भारत प्रजापत सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ पर जिला स्तरीय प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वंदे मातरम के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय महत्व को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ रविवार को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय स्थित (सूचना केंद्र), टोंक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका एवं जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है।इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास, त्याग और बलिदान की भावना से जोडने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रदर्शनी में प्रदर्शित सामग्री की सराहना करते हुए कहा कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर हो रहे कार्यक्रम




जनमानस में राष्ट्रीय चेतना को और अधिक सुदृढ़ करते हैं। प्रदर्शनी में वंदे मातरम् की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, रचना से जुड़े तथ्यों, स्वतंत्रता आंदोलन में इसके महत्ता, राष्ट्रभक्ति से जुड़े चित्रों एवं दुर्लभ अभिलेखों के माध्यम से आमजन को जानकारी प्रदान की गई है। प्रदर्शनी आम नागरिकों, विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायी सिद्ध होगी। इस दौरान समाजसेवी ओमप्रकाश गुप्ता, राजेश मंगल, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी नितेश जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक सरोज बंसल, सीडीईओ सुबे सिंह समेत अन्य अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

### वंदे मातरम रन का भी हुआ आयोजन

जिले में वंदे मातरम् /150 पर आधारित कार्यक्रमों की श्रंखला में रविवार को पटेल सर्किल से डॉ. भीमराव अंबेडकर खेल स्टेडियम तक वंदेमातरम रन का आयोजन हुआ। दौड़ में विभिन्न विभागों के अधिकारी,कार्मिक, विद्यार्थी, आमजन एवं पुलिस के जवान शामिल हुए।

## स्वामी रामचरण महाराज की जयंती व कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 31 को

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा शाखा निवाई के तत्वावधान में 31 जनवरी को शहनाई गार्डन निवाई में विजयवर्गीय एवं अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के स्वामी रामचरण महाराज की 306 वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। समाज के अध्यक्ष जितेंद्र विजय ने बताया कि स्वामी रामचरण महाराज का प्राकट्य महोत्सव को लेकर भजन संकीर्तन सहित कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ पर सांस्कृतिक संध्या का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को कृषि ऑडिटोरियम में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। इसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं,अन्य कलाकारों ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम एवं देश भक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में दिशा कमेटी एवं जिला आयोजना समिति के सदस्य ओमप्रकाश गुप्ता, सीईओ परशुराम धानका, एडीएम रामरतन सौकरिया,उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया, कोषाधिकारी हरीश लालावत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गुलजार बाग की प्राचार्य हिना कौसर, कुसुम विजय समेत अन्य मौजूद थे। पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गुलजार बाग की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कोहना की छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य पेश किया गया। राउमावि. सीटी नं. 12 द्वारा इतिहास का मै आईना हूं पर सामूहिक नृत्य, आइएनए टैगोर चिल्ड्रन एकेडमी टोंक द्वारा ब्लाइंड वर्ल्ड कप पर सामूहिक प्रस्तुति, विवेकानन्द पब्लिक स्कूल टोंक द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर प्रस्तुति दी, भैया शिक्षा समिति टोंक ने देश नही मिटने दूंगा पर प्रस्तुति दी, पीएमश्री महात्मा गांधी राज वि गुलजार बाग टोंक ने भगत सिंह की वीर गाथा पर प्रस्तुति दी, सनशाईन ग्लोबल स्कूल टोंक ने नारी शक्ति थीम पर सामूहिक नृत्य, रा.बा.उ.मा.वि. कोहना ने हर घर तिरंगा पर सामूहिक नृत्य, ड्रीम्स डांस स्टूडियो टोंक ने देश भक्ति डांस ड्रामा पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति,पन्नाधाय आवासीय विद्यालय वजीरपुरा एवं आइएनए संस्कृति स्कूल टोंक द्वारा वंदे मातरम थीम पर नृत्य की प्रस्तुति ने सभी को गर्व से भर दिया। मंच संचालन कवि प्रदीप पंवार ने किया।





भर्ती मरीजों से संवाद कर चिकित्सा सुविधाओं का लिया फीडबैक

# कलक्टर ने किया राजकीय सामान्य चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। जिला कलक्टर काना राम ने रविवार को राजकीय सामान्य चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर चिकित्सा सेवाओं, स्वच्छता व्यवस्था और मरीजों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के दवा वितरण केन्द्र, आईसीयू वार्ड, मेडिकल वार्ड, सर्जिकल वार्ड, जनरल वार्ड सहित अन्य वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों से संवाद कर चिकित्सा सुविधाओं का फीडबैक लिया।



कलक्टर ने चिकित्सा स्टाफ की उपस्थिति भी जांची। उन्होंने पीएमओ डॉ. तेजराम मीणा को चिकित्सालय में पेयजल, बिजली आदि की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए सभी वार्डों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, मरीजों की बेडशीट प्रतिदिन बदलवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेजराम मीना को जिन वार्डो में एसी खराब हो गई है उन्हें बदलवाने के निर्देश दिए। वहीं पुरानी एवं अनुपयोगी सामग्री के नीलामी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएमएओ को प्रतिदिन चिकित्सकों एवं कार्मिकों की बायोमैट्रिक उपस्थिति करवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने अस्पताल परिसर के बाहर खडे रहने वाले वाहनों की पार्किंग के लिए अस्पताल परिसर में पार्किंग सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों को सही करवाकर व्यवस्थित रूप से कन्ट्रोल रूम स्थापित कर सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान जिला कलक्टर ने अस्पताल परिसर की दीवारों पर आ रही सीलन को ठीक करवाने एवं मरम्मत के कार्य करवाने के निर्देश एक्सईएन पीडब्ल्यूडी गोविन्द सहाय को दिए।

श्री अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण :- जिला कलक्टर ने अस्पताल परिसर स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण कर वहां दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने प्रतिदिन आने वाले आगन्तुकों की सूचना की जानकारी लेकर रसाई परिसर में पूर्ण साफ-सफाई के निर्देश दिए।

उन्होंने अस्पताल परिसर, शौचालयों व अन्य सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान चिकित्सा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सूर्य सप्तमी के उपलक्ष्य में आयुष विभाग एवं क्रीड़ा भारती अलवर के संयुक्त तत्वाधान में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सूर्य सप्तमी के उपलक्ष्य में दिनांक 25 जनवरी ए रविवार को प्रात: 9.30 बजे से आदर्श विधा मंदिरए मालवीय नगर में आयुष विभाग एवं क्रीड़ा भारती अलवर के संयुक्त तत्वाधान में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्रीड़ा भारती के मंत्री रजनीश जैमन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग अलवर डॉ. करण सिंह दहिया, विशिष्ट अतिथि अरुण जोशी जिला अध्यक्ष क्रीड़ा भारती रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन सिंह शेखावत ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजस्थान प्रांत के दिव्यांग प्रमुख क्रीड़ा भारती सतीश जी ने अपने संबोधन में कहा कि योग का सारांश सूर्य नमस्कार में समाहित है, आरोग्य लाभ के उद्देश्य से सूर्य सप्तमी के अवसर पर क्रीड़ा भारती संपूर्ण भारतवर्ष में सूर्य नमस्कार राष्ट्रीय कार्यकम आयोजित करती है। कार्यक्रम आयोजन का प्रमुख उद्देश्य शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्यए युवाओं में जागरूकताए राष्ट्रीय चेतना व भारतीय संस्कृतिए विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ करण सिंह दहिया ने कहा कि नियमित सूर्य नमस्कार द्वारा शरीर लचीला, चुस्त और मजबूत बनता है, मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. पवन सिंह शेखावत ने बताया कि सूर्य नमस्कार 12 शक्तिशाली योग आसनों का एक व्यवस्थित अनुक्रम हैए जो श्वास. प्रश्वास और मंत्रोच्चार के साथ किया जाता है। यह संपूर्ण शारीरिक. मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक समग्र कसरत है। सूर्य नमस्कार श्स्वस्थ भारतए समर्थ भारतश् के विजन के अनुरूपए नियमित योगाभ्यास के माध्यम से राष्ट्र को स्वस्थ और ओजस्वी बनाने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में गांधी प्राकृतिक योग चिकित्सा संस्थान के योगाचार्य डॉ अशोक के नेतृत्व में योग के विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी बृज मोहन पाठक के नेतृत्व में योग शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षक हुकम सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शिक्षक दिनेश सैनी को राज्य स्तरीय पुरस्कार से किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्य सचिव टी श्रीनिवासन,राज्य निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह द्वारा राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ला, श्रीचंदपुरा में पदस्थापित शिक्षक दिनेश कुमार सैनी बीएलओ भाग संख्या 77 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ जिला अलवर को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 हेतु उन्हें सौंपे गये कार्य को पूर्ण उत्तरदायित्व,निष्ठा एवं समर्पण के साथ उत्कृष्ट एवं सराहनीय रूप से निर्वहन करने के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार से राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। शिक्षक दिनेश कुमार सैनी को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए 2024 में राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

# शुल्क के रूप में मिल रहा आपका आशीर्वाद,मिले आपको ज्योति-यादव

## नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में कुल 9सौ94 मरीजों का हुआ पंजीयन

बढ़ता राजस्थान




**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर स्तिथ अग्रवाल धर्मशाला में भाजपा नेता महेन्द्र यादव व मिश्री देवी आई अस्पताल नीमराणा बहरोड़ के संयुक्त तत्वाधान में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 9सौ 94मरीजों का पंजीयन हुआ। जिनमें से कुल 2सौ 44मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। चिन्हित मरीजों का ऑपरेशन तीन चरणों में किया जाएगा। चिन्हित मरीजों को लाने ले जाने की जिम्मेदारी मिश्री देवी आई हॉस्पिटल नीमराणा बहरोड़ व भाजपा नेता महेन्द्र यादव की रहेगी। इस अवसर पर भाजपा नेता महेन्द्र यादव ने मिश्री देवी हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेन्द्र यादव व उनके समस्त स्टॉफ सहित उपस्थित गणमान्य लोगों का माला साफा पहनाकर जहाँ भव्य सम्मान किया वहीं उनका आभार भी व्यक्त किया। इस मौके पर बोलते हुए भाजपा नेता महेन्द्र यादव ने कहा कि नेत्र ज्योति है तो जीवन है। मेरा प्रयास है कि सभी की नेत्र ज्योति बरकरार रहे। उसके लिए मिश्री देवी आई अस्पताल व मैं स्वयं काफ़ी गंभीर हूँ। क्योंकि मनुष्य के पास यदि नेत्र ज्योति नहीं होगी तो वह इस संसार को कैसे देख पाएगा। यादव ने कहा कि वैसे तो यह आयोजन पूर्व की भांति नि:शुल्क है पर आशीर्वाद के रूप में यह सशुल्क है। आपने आशीर्वाद दिया है और देते रहेंगे यही आपका शुल्क है, मैं इसी शुल्क का आकांक्षी हूँ। मुझे उम्मीद है आपका आशीर्वाद हमेंशा मुझ पर बना रहेगा। यादव ने उपस्थित मरीजों, मिश्री देवी आई अस्पताल के स्टॉफ सहित गणमान्य लोगों का आभार भी व्यक्त किया। इस मौके पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष किरोड़ी लाल, वैद्य भवानी, सामाजिक अध्यक्ष अटल,फूलचन्द यादव, नारायणपुर यादव समाज के अध्यक्ष अर्जुन सिंह यादव,जिला सचिव राजेन्द्र यादव, वेदप्रकाश, मनोहर नायक, सरपंच पप्पूराम, गणेश राम सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अलवर चैंबर ऑफ कॉमर्स का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर चैंबर ऑफ कॉमर्स का शपथ ग्रहण समारोह मूंगसका स्थित चैंबर भवन में रविवार शाम 6 बजे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में ईश वंदना के लिए राष्ट्रगीत वंदेमातरम सह सचिव श्री मधुर अग्रवाल जी ने प्रस्तुत किया।मंच का सुंदर संचालन श्रीमती ऋतु राय जी ने भव्यता से किया। केंद्रीय वन व पर्यावरण मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी ने अलवर शहर के प्रमुख व्यवसाई श्री निकुंज सांघी जी को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। अन्य पदाधिकारियों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री बृजभूषण गुप्ता, सचिव श्री अमित श्यामसुखा,संयुक्त सचिव श्री मधुर अग्रवाल व मंजीत रॉय, कोषाध्यक्ष श्री हरिओम मित्तल जी ने शपथ ग्रहण की।

# कॉंग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत महिला कॉंग्रेस का श्रमिक संवाद कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला महिला कॉंग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी के नेतृत्व में कॉंग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत महिला कॉंग्रेस का श्रमिक संवाद कार्यक्रम नगर पालिका मालाखेड़ा क्षेत्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान परिसर में नरेगा श्रमिकों और अलवर ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जमालपुर के ग्राम सोता का बास में सरकारी स्कूल के सामने स्थित जोहड खुदाई कार्य करते नरेगा श्रमिकों से संवाद कार्यक्रम किया गया,जिसमें राजस्थान प्रदेश महिला कॉंग्रेस कमेटी की सचिव एवं अलवर जिला की सह प्रभारी रितु मीना भी शामिल हुई। महिला कॉंग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लाम्बा एवं प्रदेशाध्यक्ष सारिका सिंह के निर्देशानुसार महिला कॉंग्रेस देशभर में नरेगा कर्मियों से कार्यस्थल पर मौके पर पहुँच-पहुँच कर नरेगा कर्मियों से मिलकर कॉंग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खडक़े एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के हस्ताक्षरयुक्त प्रपत्र पढ़ कर एवं साथ ही सभी नरेगा कर्मियों को प्रपत्र वितरित कर बताया जा रहा है कि भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा नरेगा को बदल कर मनरेगा रोजगार गारन्टी को खत्म करने का कार्य किया जा रहा हैं। नगर परिषद की पूर्व सभापति एवं महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमति कमलेश सैनी ने बताया कि बीस साल पहले यूपीए की अध्यक्ष सोनिया गाँधी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार ने महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी अधिनियम को देशभर में लागू कर संविधान मे निहित काम के अधिकार को हमें दिया गया था,लेकिन अब नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार मनरेगा की आत्मा को चार खतरनाक तरीकों से नष्ट करने की योजना बना रही है आपका काम करने का अधिकार छीना जा रहा है, आपका मजदूरी पाने का अधिकार छीना जा रहा हैए आपकी ग्राम पंचायत की शक्तियां ठेकेदारों को सौपीं जा रही हैं, आपकी राज्य सरकारों को कमजोर किया जा रहा है और उस पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है,इस तरह से भाजपा सरकार मनरेगा रोजगार गारन्टी योजना को पूरी तरह से बदलने पर तुली हुई है। महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव अलवर की सह प्रभारी रितु मीना ने बताया कि अब आपके पास कोई कानूनी गारंटी नही रहेगीण् काम केवल मोदी सरकार द्वारा चुने हुए गाँव मे ही मिलेगा, फसल कटाई के मौसम में आपको काम नहीं मिलेगा, मोदी सरकार आपकी मजदूरी अपनी मर्जी से मनमानी ढंग से तय करेगी अब आप कंहाँ और क्या काम करेंगे, यह मोदी सरकार अपने पसंदीदा ठेकेदारों के माध्यम से मनमाने ढंग से तय करेगी, अब आपको किसी मेट या रोजगार सहायक का सहयोग नहीं मिलेगा, अब राज्य सरकारों को आपकी मजदूरी का 40 ? हिस्सा खुद देना होगा खर्च बचाने लिए हो सकता हैं वो काम ही नहीं देवे। महिला कांग्रेस के कार्यक्रम में नगर परिषद की पूर्व सभापति एवं महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी, राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं अलवर सह प्रभारी रितु मीना, कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता लालाराम सैनी, युवा नेता नरेंद्र मीना नगर पालिका उपाध्यक्ष शिवचरण, जिला उपाध्यक्ष डा राजकुमारी सुलनिया, जिला महासचिव सीता देवी सैनी, जिला उपाध्यक्ष धोली देवी, महिला कॉंग्रेस उमरैंन ब्लॉक अध्यक्ष गायत्री वर्मा, जिला उपभोक्ता मंच के पूर्व सदस्य महेंद्र सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नीमला में आयोजित हुआ देवनारायण भगवान का जन्मोत्सव, कथा दंगल और भंडारे में उमड़ा जनसैलाब



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** पंचायत समिति क्षेत्र के ग्राम नीमला में श्री देवनारायण भगवान के जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार को भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान विशाल कथा, दंगल और भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत कर धर्म लाभ उठाया।कार्यक्रम में लोक गायन और कथा दंगल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। इसमें रामनारायण व धर्मसिंह गुर्जर (प्रेमपुरा) तथा कीर्तन मंडल रैंडायल (वजीरपुर) की पार्टियों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। गायकों ने देवनारायण भगवान के जीवन प्रसंगों और वीरता की कथाओं को पारंपरिक अंदाज में सुनाया, जिस पर श्रोता भावविभोर हो गए। इस धार्मिक महोत्सव में विकाश अधिकारी विक्रम सिंह गुर्जर, राजस्थान प्रदेश प्रशिक्षण प्रकोष्ठ सह संयोजक बृजेश शर्मा राजपुर बड़ा, जिला पार्षद राजेंद्र तिवारी, पंचायत समिति सदस्य सविता शर्मा,राजेश निहाला,संतोष टोडी,पवन कसाना सिकंदरा,मुकेश बुरिया थानेदार, मुकेश मंडावरी सरपंच नाथलवाड़ा, श्रीराम मीणा जावली का बाढ़ सरपंच, फूलचंद सैनी सरपंच सकट, राजपुर बड़ा सरपंच प्रतिनिधि रामावतार बाबूजी, सुरेर सरपंच प्रतिनिधि रूपसिंह एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की।

## सड़क सुरक्षा कार्यक्रम हुआ आयोजित
### जरूरतमंदों को हेलमेट का किया वितरण

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** रविवार को लायंस क्लब राजगढ़ एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में कस्बे के टहला बाईपास चौराहे पर सडक़ सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। लायंस क्लब के प्रांतीय सलाहकार लायन खेम सिंह आर्य ने बताया कि पुलिस उप अधीक्षक मनीषा मीना ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। पुलिस प्रशासन की ओर से थाना अधिकारी राजेश मीना, एसआई दौलत सिंह, दयाराम, राकेश कुमार एवं महिला पुलिसकर्मी लक्ष्मीबाई उपस्थित रहे। क्लब की ओर से समस्त थाना स्टाफ का फूल मालाओं से सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक लायन लोकेश रावत ने बताया कि सडक़ सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत हेलमेट नहीं लगाने वाले व्यक्तियों को रोककर समझाइश की गई तथा जरूरतमंद 11 व्यक्तियों को आई.एस.आई. मार्का के हेलमेट वितरित किए गए। तथा सभी छोटे-बड़े वाहनों को सडक़ सुरक्षा नियमों के बारे में समझाया गया एवं सैकड़ो वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए
जिन्होंने नियम अनुसार नंबर नहीं लिखवा रखे थे उन्हें चेतावनी देकर छोड़ा गया। इस मौके पर कार्यक्रम सहसंयोजक सुरेश सेन, क्लब अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, एन. एल. वर्मा, वीरेन्द्र दाधीच, संजय राजस्थानी सहित काफी संख्या में क्लब सदस्यों ने उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया।

# विधानसभा स्तरीय 16 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय में रविवार को विधानसभा स्तरीय 16 वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ई.आर.ओ. एवं एसडीएम रामावतार मीणा ने कहा कि भारत विष्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैं और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाना चाहिये। उन्होंने बताया कि भारतीय लोकतंत्र में 18 वर्ष पूर्ण करने पर महिलाओं एवं पुरुषों को समान मताधिकार प्राप्त है। निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष 2011 से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं ईएलसी के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं विशेष रूप से युवा मतदाताओं को 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनायें दीं। साथ ही उपस्थितजनों को चुनाव प्रक्रिया, सक्षम एप, 1950 हैल्पलाईन, एनजीआरएस एवं वोटर हैल्पलाईन ऐप के संबंध में जानकारी दी। ई.आर.ओ. रामावतार मीणा द्वारा सभी को मतदाता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। वरिष्ठ बूथ लेवल अधिकारी श्रीराम लहकरा द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र कोटपूतली में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत ईएलसी गतिविधियों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने पर राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय सरुण्ड के प्राचार्य दीपक कुमार एवं गैलेक्सी इंटरनेशनल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल गोरधनपुरा के निदेशक गिरधारी लाल यादव का माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। वहीं विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं स्वीप गतिविधियों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों धर्मेन्द्र सिंह (भाग सं. 18), विकास फामड़ा (22), अशोक कुमार गुर्जर (64), ताराचंद वर्मा (67), संजय कुमार धोबी (116), विक्रम सिंह (128), राकेश कुमार शर्मा (139), नरेन्द्र कुमार वर्मा (149), रामगोपाल सिंह (154), शिम्भूदयाल (247) को सम्मानित किया गया।

# जिला कलक्टर ने किया राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल का निरीक्षण

## उपलब्ध चिकित्सक उपकरणों व दवाओं की ली जानकारी, चिकित्सकों को दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने रविवार को यहां के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मरीजों से संवाद कर दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने चिकित्सालय के मेडिकल इमरजेंसी, ट्रौमा सैंटर, ब्लड बैंक, आईसीयू, डायलेसिस, एसएनसीयू, एमसीएच, सोनोग्राफी, आईपीएचएल लैब, रामाश्रय, दवा वितरण केन्द्र व अन्य वार्डों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने रोगियों एवं तीमारदारों को आवश्यक सुविधायें सुनिश्चित कर सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ देने के निर्देश दिये। अस्पताल के इमरजेंसी एवं पीएनसी सहित अन्य वार्डों में भ्रमण कर रोगियों से चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी लेकर उनकी कुशलक्षेम जानी तथा अस्पताल प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में आने वाले रोगियों को निःशुल्क दवा एवं जांच आदि सुविधाओं की जानकारी लेकर चिकित्सकीय जांच हेतु अस्पताल में उपलब्ध सभी उपकरणों के रखरखाव की व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिये। उन्होंने वार्डों एवं चिकित्सालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था पर संतोष जताते हुये वार्डों में रोगियों के बैडों की चादरों को नियमित रूप से बदलने एवं नियमित सफाई करने तथा चिकित्सालय में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल आदि व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगंतुकों को राजकीय योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में देते हुये उन्हें पात्रतानुसार लाभान्वित करें। उन्होंने दवाईयों का पर्याप्त भण्डारण रखने, ड्रग हाउस से समन्वय बनाये रखते हुये समय पर आपूर्ति करने के निर्देश दिये। उन्होंने वार्डों में भर्ती रोगियों से रूबरू होकर दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा शीघ्र स्वास्थ्य लाभ होने की कामना की। चिकित्सालय में बनाये गये औषधि पार्क का अवलोकन कर चिकित्सा प्रशासन की इस पहल की सराहना की। पीएमओ डॉ. पुष्कर राज गुर्जर ने जानकारी देते हुये बताया कि चिकित्सालय में प्रतिदिन औसतन ओपीडी 2.5 से 03 हजार, आई.पी.डी करीब 175 चल रही है। संस्थान में संचालित आई.पी.एच.एल लैब में 107 प्रकार की जांचे की जा रही है एवं प्रतिमाह 60 हजार जांचे हो रही हैं।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या 38, ग्राम पुरावाला, पटवार हल्का पूरावाला उर्फ मैड-बी, तहसील विराटनगर, जिला जयपुर की मूल विक्रय पत्र 09/03/2023 दिनांक जो कमलेश कुमार पुत्र बाबूलाल सैनी द्वारा सतीश कुमार गुर्जर पुत्र रामकरण गुर्जर को तथा सीताराम सैनी पुत्र रामजीलाल के विक्रय पत्र की बैक चैन हैं जो उप-पंजीयक विराटनगर में पंजीकृत है, गुम हो गई है। इस संबंध में स्नद्बक्र क्रमांक 3028610/2026 दिनांक 21.01.2026 दर्ज है। उक्त भूखण्ड पर सीताराम सैनी द्वारा इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक, शाहपुरा से ऋण लिया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति/दावा हो तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में लिखित रूप से प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल बागडे की बधाई और शुभकामनाएं

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने 77वें गणतंत्र दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है। उन्होंने गणतंत्र दिवस को लोकतंत्र का राष्ट्रीय पर्व बताते हुए कहा कि इस दिन हमें विकसित भारत के लिए मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस पर विविधता में एकता की भारतीय संस्कृति के संरक्षण और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को सक्रिय भागीदारी निभाने का भी आह्वान किया है।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे सोमवार 26 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में प्रातः 9.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। इससे पहले प्रातः 8.45 बजे लोकभवन में राज्यपाल बागडे झण्डा फहरायेंगे। राज्यपाल बागडे अमर जवान ज्योति पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे।


















## टाइगर मैराथन के वाहन स्टिकर का विमोचन




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन सरिस्का अलवर की ओर से प्रकाशित टाइगर मैराथन के वाहन स्टिकर का विमोचन केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और राज्य मंत्री संजय शर्मा ने किया। अलवर चैंबर आफ कामर्स के भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में टाइगर मैराथन के वाहन स्टिकर का विमोचन हुआ। एसोसिएशन अध्यक्ष मनीष भाटिया, सचिव अजय गर्ग , कार्यकारिणी पदाधिकारी ललित बेनीवाल, पवन खंडेलवाल सहित सभी सदस्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री ने अधिक से अधिक लोगों से टाइगर मैराथन में भाग लेने का आह्वान किया। अध्यक्ष मनीष भाटिया के अनुसार इस टाइगर मैराथन से अलवर का नाम देश में टाइगर सेव के लिए सामने आएगा जिससे पर्यटन के क्षेत्र में विकास होगा जो अलवर जिले के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सचिव अजय गर्ग के अनुसार टाइगर मैराथन को लेकर अलवरवासी उत्साहित हैं। इस अवसर पर कुलदीप नरुका, विनय सिंघल, सुरेन्द्र नरुका आदि उपस्थित थे।

## बुनकर समाज कल्याण संस्थान एवं श्री बाबा रामदेव मंदिर सेवा समिति की बैठक सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** बुनकर समाज कल्याण संस्थान एवं श्री बाबा रामदेव मंदिर सेवा समिति रावतभाटा द्वारा दिनांक 25/01/2026 को एक बैठक बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण आरपीएस कॉलोनी में संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष डॉ जी.जे.परमार द्वारा वर्तमान कार्यकारिणी को भंग करने का निर्णय लिया गया एव नई कार्यकारिणी का गठन आवश्यक विचार-विमर्श के बाद आगामी दिनों में किया जाएगा। इस दौरान समिति के सदस्यों ने संगठन की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की। इस दौरान बुनकर समाज के सभी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बुचारा-जुगलपुरा मार्ग बदहाल, कीचड़ और जलभराव से ग्रामीण त्रस्त

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल )।** एक ओर जहां केंद्र एवं राज्य सरकारें स्वच्छ भारत मिशन और ग्रामीण विकास पर करोड़ों रुपये खर्च कर गांवों और शहरों में स्वच्छता का संदेश दे रही हैं, वहीं ग्राम बुचारा की सडक़ों और आम रास्तों की बदहाल स्थिति सरकारी दावों पर सवाल खड़े कर रही है। ग्रामीणों के अनुसार बुचारा से जुगलपुरा जाने वाला मुख्य मार्ग जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुका है। हल्की बारिश में ही सडक़ जलभराव और



कीचड़ से पट जाती है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। सामाजिक कार्यकर्ता नरेन्द्र कुमार बाकोलिया ने कहा कि रास्ते में इतना किचड़ जमा हो जाता है कि आमजन पैदल भी नहीं चल सकता। स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को रोजाना बड़ी कठिनाई से गुजरना पड़ता है। ये स्थिति स्वच्छ भारत और ग्रामीण विकास की तस्वीर से मेल नहीं खाती। बाकोलिया ने क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल से सडक़ निर्माण की मांग करते हुए कहा कि तत्काल सुधार नहीं होने पर ग्रामीणों के दैनिक जीवन, आवागमन और शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वे इस समस्या को लेकर पहले भी जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत करा चुके हैं, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

## 85-साल की बुजुर्ग से रेप का आरोपी अब तक फरारःपुलिस सीसीटीवी खंगाल रही, बेटा बोला- हेलमेट पहन कर घूम रहा था अज्ञात

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर में 3 दिन पहले 85 साल की बुजुर्ग महिला से रेप के मामले में अब तक आरोपी पकड़ा नहीं गया है। आशंका है कि आरोपी कोई अनजान व्यक्ति है। मामले में पुलिस अभी तक लोगों से पूछताछ करने में लगी हुई है। बुजुर्ग महिला के बेटे ने 22 जनवरी को खेड़ली थाने में शिकायत देते हुए बताया था कि मैं मजदूरी करने के लिए गया था। मेरी पत्नी जंगल में लकडिय़ां बीनने के लिए गई थी। बच्चे स्कूल गए हुए थे। मेरे घर पर मेरी 85 साल की मां और पिता अकेले थे। दोपहर करीब 12 बजे एक व्यक्ति घर पर आया। मेरे घर के सामने खड़ा होकर मामी कहकर आवाज लगाने लगा। इंचार्ज राजेश कसाना ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। लोगों से पूछताछ की जा रही है। हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। सीसीटीवी निकलवाई जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। व्यक्ति की आवाज सुन बुजुर्ग महिला घर से बाहर आई। उसने व्यक्ति को पहचानने से इनकार कर दिया। जिसके बाद व्यक्ति जबरन घर में घुस गया और, उसने बुजुर्ग महिला के साथ रेप किया। 04

## खड़ी बसी को डंपर ने मारी टक्करःहोटल पर खाना खाने रुके थे यात्री, ड्राइवर और हेल्पर को आई चोटें

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर के हलैना थाना इलाके में एक डंपर ने होटल पर खड़ी स्लीपर बस में पीछे से टक्कर मार दी। बस में यात्री नहीं थे। घटना के दौरान कुछ लोग बस में सो रहे थे और कुछ लोग बस से उतरकर होटल पर खाना खा रहे थे। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। थाना अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने बतया कि घटना देर रात करीब डेढ़ बजे की है। स्लीपर बस जयपुर की तरफ से आई थी।

# वसुंधरा बोलीं- मुझमें इतना समागम,राजपूत की बेटी,जाट की बहू हूं,महिलाओं को राजनीति में पुरुषों से 3 गुना ज्यादा मेहनत करनी होती है, सियायत में प्रेम जरूरी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/जोधपुर, (घनश्याम अवस्थी )।** महिलाओं को राजनीति में जगह बनाने के लिए पुरुषों की तुलना में तीन गुना अधिक मेहनत करनी पड़ती है,तब जाकर उन्हें राजनीति में जगह मिलती है। ये बात पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहीं। उन्होंने कहा- लोग समझते हैं कि बड़े परिवार से हैं तो राजनीति में जगह मिल गई होगी, ऐसा नहीं है। महिलाओं से पूछा जाता है क्यों? इसलिए आगे बढना इतना आसान नहीं होता है। राजे ने कहा- मेरे अंदर इतना समागम है, मैं राजपूत की बेटी, जाटों की बहू हूं, गुर्जरों को भी जोड़ लिया। महिलाओं में जो खूबी है वो और किसी में नहीं है। महिला में ममता है। वसुंधरा राजे जयपुर में कॉन्सटीट्यूशन क्लब में जाट महिला शक्ति संगम में ये




बातें कहीं। वसुंधरा राजे ने कहा- आजादी के समय भारत में महिलाओं की साक्षरता दर 9 प्रतिशत थी,आज 65 प्रतिशत है। देश के आम चुनावों में चुनाव लडने वाली महिलाओं की संख्या 10 प्रतिशत है जबकि 1957 में सिर्फ 3 प्रतिशत ही थी। महिला सांसदों की संख्या पहली लोकसभा में 22 थी,आज 74 है। राज्यसभा में 1952 में महिला सदस्यों की संख्या 15 थी,आज 42 हो गई। फिर भी मैं संतुष्ट नहीं हूं, यह संख्या पर्याप्त नहीं है, यह संख्या पुरुषों के बराबर होना चाहिए। राजे ने कहा- प्रतिभा पाटिल और द्रौपदी मुर्मू ने सिद्ध कर दिया कि शिक्षा सफलता की कुंजी है। एक समय प्रतिभा पाटिल राज्यपाल थीं, मैं सीएम थीं और सुमित्रा सिंह विधानसभा की स्पीकर थीं। महिलाओं को आरक्षण दिया तो पुरुषों ने कहा था,इन पर क्यों वक्त बर्बाद कर रहे हो? वसुंधरा राजे ने कहा- पंचायतीराज और निकाय चुनावों में जब महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दिया था, तब पुरुषों ने कहा था कि जब सब काम हमें ही करना है तो इन पर क्यों वक्त बर्बाद कर रहे हो। जब महिलाएं चुनकर आईं तो एक साल में भी सब संभाल लिया। वे साल भर बाद समझ गईं कि जिस तरह अपना घर चलाना है, उसी तरह पंचायत चला सकती हैं। 50 प्रतिशत महिलाएं कुछ बेसिक शिक्षा के साथ वहां तक पहुंची, आज भी शिक्षित लड़कियां सरपंच,प्रमुख, प्रधान बनने तैयार हो रही हैं ।

### मिलकर काम करेंगे,तभी प्रदेश आगे बढ़ेगा

राजे ने कहा- मुझे अच्छा लगा कि पूर्व विधायक और ओलंपियन कृष्णा पूनिया ने अपनी सफलता का श्रेय पति को दिया, यह दोनों के लिए हैं। बहुत से पुरुष हैं जो सफलता तक पहुंचे है उनके पीछे उनकी पत्नी का हाथ होता है। पुरुष और महिला एक दूसरे के बिना नहीं हैं, दुनिया तब पूरी होती है जब दोनों मिलकर काम करते हैं तभी परिवार, समाज, राज्य और देश आगे बढ़ता है।

### धौलपुर-भरतपुर के जाटों को आरक्षण भी राजे ने दिलवाया

कार्यक्रम में जाट महासभा के अध्यक्ष राजाराम मील ने कहा कि जाट आरक्षण वसुंधरा राजे ने बचाया। यहां तक कि धौलपुर और भरतपुर के जाटों को आरक्षण भी वसुंधरा राजे ने दिलवाया। वसुंधरा समर्थक मंच के संस्थापक एवं प्रदेषाध्यक्ष के मिले निर्देषानुसार प्रदेष मीडिया प्रभारी घनष्याम अवस्थी, प्रदेष संगठन मंत्री षिवम लवानिया एवं महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ज्योति शर्मा हजारों महिला कार्यकर्ताओं के साथ जोधपुर सभा में पहुंची व महिलाओं की हौसला अवजाई करती देखी गईं। प्रदेष मीडिया प्रभारी एवं प्रदेष संगठन मंत्री भी जोधपुर व ओलपास के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ सभा स्थल पर पहुंचे व हौसला अबजाई की। राजे ने भी भारी तादात में पहुंचे समर्थक मंच के लोगों को धन्यवाद दिया।

कांग्रेस शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी ने मुख्यमंत्री से किया आग्रह

## आरबीएम अस्पताल की स्कीम नं. 10 पर बीडीए द्वारा काटी जा रही कॉलौनी पर अंकुष लगाने के लिये पक्ष व विपक्ष को होना होगा एकजुट- दयाचंद पचौरी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी )।** आरबीएम मेडिकल कॉलेज में हार्ट ट्रांसप्लांटेसन जनाना शिशु रोग नेत्र रोग अस्पताल को आरबीएम के नजदीक लाने के लिये जो जमीन स्कीम नं. 10 में 50000 वर्गमीटर पूर्व में रिजर्व होने के बावजूद अभी तक आवंटित नहीं हुई है। इस संदर्भ में वरिष्ठ समाज सेवी एवं कांग्रेस के शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी ने राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि आप भरतपुर में विकास की गंगा बहा रहे हैं। वहीं बीडीए ने इस जमीन में कॉमर्शीयल प्लांनिंग में 456 प्लॉट का प्लान बनाया है इसके लिए सडक भी डाल दी गई है। यह जमीन सैक्टर 10 में 50000 वर्गमीटर भूमि आरबीएम अस्पताल के कॉटेज और कैंसर बार्ड के लिये आवंटित की गई थी। इस पर 50 बैड का प्रस्तावित कॉटेज वार्ड बनना था जहां मरीज और परिजन रहकर ईलाज करा सकें। इस जमीन को मेडिकल कॉलेज के नाम नहीं



दिया गया तो रेजीडेंट डॉक्टर , नर्सिंग , और पैरामैडिकल स्टाफ के लिए 2 बीएचके , 3 बीएचके के आवासीय परिसर नहीं बनने से स्टाफ को दूरदराज स्थित घरों से आना पडेगा , बस , एम्बुलेंस व बडे वाहनों के लिये पार्किंग संकट बना रहेगा। गंभीर महिला मरीजों को जनाना से आरबीएम की आईसीयू तक लाने में भविष्य में और दिक्कत बढेंगी। नशामुक्ति केन्द्र, जिला दिव्यांगना पुनर्वास केन्द्र, पैरामेडिकल कॉलेज जैसी स्वीकृत योजनाएं भी जमीन के आभाव में शुरू नहीं हो सकेंगीं। उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से आग्रह किया है कि बीडीए की हटधर्मता पर अंकुश लगायें और बीडीए मेडिकल कॉलेज के पास ट्रोमा सेन्टर, जनान अस्पताल बनाने के लिये 19176 वर्गमीटर जमीन आवंटित की गई है। ऐसा हुआ तो दूर दराज व शहर के लोगों को भारी समस्या का सामना करना पडेगा। अध्यक्ष दयाचंद पचैरी ने राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं समाजसेवी वर्ग बुद्धिजीवी और भरतपुर के भाजपा कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों से आग्रह करते हुये कहा है कि जिस प्रकार से अलवर जिले में पक्ष और विपक्ष विकास के लिये एकजुट नजर आता है इसी प्रकार से आप सभी को एकजुटता का परिचय देते हुये स्कीम नं. 10 में आपात आरबीएम हॉस्पीटल की भूमि को बीडीए द्वारा बेचान पर रोक लगवायें जिससे लोगों को आरबीएम से मिलने वाली सुविधओं से वंचित न होना पडे।

## रावतभाटा ग्राम बहेलिया में श्री देव धाम मेहंदी का छापर में सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** रावतभाटा ग्राम बहेलिया में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री देव धाम मेहंदी का छापर सेवा समिति, बहेलिया के तत्वावधान में धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ किया गया।

आगामी 31 जनवरी को पूर्णावती के पावन अवसर पर महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

महंत श्री सेवादास जी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत दिनांक 25 जनवरी को विधि-विधान से हेमाद्री स्नान कराकर की गई। यह समस्त कार्यक्रम पूर्ण श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न कराया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक एवं सेवा समिति के पदाधिकारी, प्रदेश उपाध्यक्ष गौ रक्षा कमांडो फोर्स श्री प्रहलाद जाट के मार्गदर्शन में, उज्जैन से पधारे आचार्य श्री प्रद्युमन जी भार्गव के सान्निध्य में 11 विद्वान पंडितों द्वारा अनुष्ठानों का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पंडित पं. प्रशांत शर्मा, गिरजा शंकर भार्गव, राहुल शर्मा, अंकित शर्मा, रवि शर्मा, दिव्यांश शर्मा, राधेश्याम शर्मा एवं रोहित भार्गव सहित अन्य विद्वान आचार्यों द्वारा गणेश स्थापना, देव स्थापना, महामृत्युंजय जाप, श्रीमद् भागवत कथा, दुर्गा सप्तशती नवचंडी पाठ, आदित्य हृदय स्तोत्र, विष्णु सहस्त्रनाम एवं लक्ष्मी स्तोत्र के पाठ प्रारंभ किए गए।

अनुष्ठानों के अंतर्गत दसविधि स्नान भी विधिपूर्वक संपन्न हुए।

यह सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान निरंतर चलेगा, जिसका समापन 31 जनवरी को पूर्णावती एवं महाप्रसादी के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। श्री देव धाम मेहंदी का छापर सेवा समिति बहेलिया द्वारा समस्त ग्रामवासियों एवं आसपास के श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्यलाभ लेने की अपील की गई है। कार्यक्रम मे भोपाजी मांगीलाल जी जाट साथ में धन्नालाल जी जाट अशोक जाट महेंद्र चौधरी प्रकाश जाट पीरु लाल जाट हीरालाल जाट मनीष जाट लक्ष्मण चारण दिलीप सिंह पूरन प्रजापत आस पास से आए हुए श्रद्धालु मौजूद रहे ।

## मंडार में पुलिस ने गुजरात जा रही एक करोड़ की शराब पकड़ी

कपड़ा गांठ की आड़ में तस्करी, बाड़मेर के दो युवक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** मंडार थाना पुलिस ने गुजरात जा रही शराब की बड़ी खेप जब्त की है। ट्रक में कपड़ों की गांठ की आड़ में तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने माल बरामद कर बाड़मेर निवासी दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद माल की अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपए आंकी गई है। थानाधिकारी प्रवीणकुमार आचार्य ने बताया कि शनिवार रात नाकाबंदी के दौरान ट्रक रूकवाया गया। इसमें कपडों की गांठें भरी हुई थी। सघन जांच करने पर गांठों के नीचे शराब के कर्टन मिले। पुलिस ने ट्रक से पंजाब में बिकने के लिए निर्मित शराब के 729 कर्टन जब्त कर लिए। साथ ही बाड़मेर में चौहटन के खारिया निवासी रईस पुत्र साले मोहम्मद व पराडिया निवासी जुनुस खान पुत्र जुमाखान को गिरफ्तार कर लिया। टोल प्लाजा पर नाकाबंदी में पकड़ा



पुलिस के अनुसार उप निरीक्षक फगलूराम ने जाब्ते के साथ टोल प्लाजा के समीप नाकाबंदी कर रखी थी। इस दौरान सिरोही-रेवदर की ओर से आए ट्रक नम्बर जीजे 31 टी 4514 की गहनता से जांच करने पर कपड़ों की गांठों के नीचे शराब के कर्टन मिले। आरोपियों से शराब लाने व सप्लाई के सम्बंध में पूछताछ की जा रही है। उधर, बताया जा रहा है कि मंडार के रास्ते शराब भरे वाहन अवैध रूप से आए दिन गुजरात तक जा रहे हैं। यही कारण है कि गुजरात में मंडार से सटे पांथावाड़ा थाना पुलिस ने हाल ही में शराब भरे कई वाहन पकड़े है। जो वाहन मंडार से होते हुए गुजरात दस्तक दे रहे हैं उनको मंडार क्षेत्र में ही क्यों नहीं पकड़ पा रहे यह कहना मुश्किल है। सूत्र बताते हैं कि मंडार क्षेत्र के मैथीपुरा समेत आसपास के गांवों में ठेकों से भी शराब पार हो रही है। मैथीपुरा से ठेके की शराब अवैध रूप से गुजरात भेजे जाने का सिलसिला लम्बे समय से बना हुआ है, लेकिन पुलिस इस ओर से उदासीन ही है। छोटे वाहनों के जरिए इन ठेकों से दिन-रात शराब पार हो रही है, लेकिन पुलिस व आबकारी महकमा मूकदर्शक ही है।

## गड्ढों में ठोकर खा रहे 'गण', समस्याओं से बेफिक्र 'तंत्र'

नगर परिषद की बेपरवाही से जनता की जान जोखिम में



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** शहर की कई सडक़ें गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, लेकिन जिम्मेदारों को मानों कोई परवाह नहीं है। यहां तक कि गड्ढों को पाटे जाने में भी कोई दिलचस्पी नहीं ली जा रही। गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के बीच गण जहां गड्ढों में ठोकरें खाने को विवश है, वहीं तंत्र इन समस्याओं से बेफिक्र नजर आ रहा है। सिरोही में जिला कारागार के सामने बनी सडक़ अर्से पहले एक ही लेन में बनी हुई है। दूसरी लेन पर लेयर नहीं चढने से नीचे ही है। ऐसे में वाहनों को साइड लेने में मुश्किल हो रही है। बस स्टैंड रोड, झूपाघाट रोड, पैलेस रोड, कृष्णापुरी समेत कई जगहों पर मुख्य रास्ते गड्ढों में गुम हो रहे हैं।

### मिट्टी से मरम्मत की कवायद

कमोबेश यही स्थिति पुराना सिनेमा हॉल रोड का है। यह मार्ग अर्से से बदहाल है। गड्ढे ठीक करने के लिए नगर परिषद ने कुछ जगह मिट्टी डाली है, जो मुसीबत बन रही है। वाहन चलने से आसपास के दुकानदार परेशान हो रहे हैं सो अलग। वैसे महज कुछ फीट के इस मार्ग के आधे हिस्से को मिट्टी भी नसीब नहीं हुई।

### अधिकतर समय में आबू में गुजार रहे

उधर, नगर परिषद में कार्यरत को माउंट आबू का भी अतिरिक्त कार्यभार दे रखा है। ऐसे में वे अधिकतर समय आबू में ही गुजार रहे हैं। जिला मुख्यालय की नगर परिषद होने को बावजूद वे गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर यहां नहीं हैं। उन्होंने बताया कि सडक़ जल्द ही रिपेयर हो जाएगी। आज वे बाहर है।

### जल्द निर्माण करवाएंगे...

गड्ढों में मिट्टी डलवाई है, कुछ गड्ढे रह होंगे तो पता करवाना पड़ेगा। सार्वजनिक निर्माण विभाग ने इसका टेंडर किया है। जल्द ही इस सडक़ का निर्माण करवाया जाएगा।

**- आशुतोष व्यास, नगर परिषद आयुक्त, सिरोही**

# खेतों में पहुंचे पैंथर का हमला, चार घायल

खेत की तारबंदी में फंसने से घबराए पैंथर ने किया हमला

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** रेवदर के समीप रोहुआ-मानपुर में पैंथर के हमले में चार जने घायल होने के समाचार है। पैंथर रास्ता भटकने से खेतों तक पहुंचा गया तथा तारबंदी में फंसने से घबराए पैंथर ने भागने के चक्कर में वहां खड़े लोगों पर हमला कर दिया। बाद में वनकर्मियों ने झाडियों में छिपे पैंथर को किसी तरह जंगल में खदेड़ा। जानकारी के अनुसार रोहुआ के समीप मानपुर में कृषि कुएं पर पैंथर का मूवमेंट दिखा। भागने के प्रयास में पैंथर तारबंदी में फंस गया। इससे ग्रामीण भी एकत्र हो गए,






लेकिन पैंथर किसी तरह तारबंदी से छूट गया एवं भागने के चक्कर में नजदीक आए लोगों पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि हमले में भैराराम, असमाल, बिजाराम व कालाराम घायल हुए है। उधर, सूचना मिलते ही रेंजर ललितसिंह समेत वनकर्मी मौके पर पहुंचे तथा पैंथर को रेस्क्यू किया। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और जंगली जानवर दिखने पर तत्काल सूचना देने की अपील की है।


PIMS CITY HOSPITAL
A MULTI SUPER-SPECIALITY HOSPITAL
उदयपुर में ही विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं।
अब इलाज के लिए बाहर जाने की ज़रूरत नहीं। आधुनिक मशीनें, अनुभवी डॉक्टर और समर्पित स्टाफ।
डॉ. कमल किशोर बिश्नोई
सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट
डॉ. धवल व्यास
गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट
डॉ. जे.के. छाप्परवाल
फिजिशियन
डॉ. मनीष भट्ट
यूरोलॉजिस्ट
डॉ. श्वेताभ पुरोहित
पल्मोनोलॉजिस्ट
डॉ. बकुल गुप्ता
नेफ्रोलॉजिस्ट
डॉ. सचिन जैन
ऑन्कोलॉजिस्ट
डॉ. गौरव जैन
स्पोर्ट्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
डॉ. गिरीश बंसल
नवजात व बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. अंशुल गलाव
न्यूरोसर्जन
डॉ. चारुलता पूबिंया
स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. राजेश खोईवाल
विशेषज्ञ न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष ऑफ़र*
सी टी स्कैन 50% छूट
एम आर आई 50% छूट
ब्लड टेस्ट 30% छूट
सर्जरी 25% छूट
कीमोथेरपी 20% छूट
384 SLICE CT
1.5 TESLA MRI
CATH LAB
MODULAR OT
ICU
सभी प्रकार की सुपर स्पेशलिटी और जनरल सुविधाएं उपलब्ध हैं।
उदयपुर का पहला DIGITAL PET SCAN MACHINE जो देगा विश्वस्तरीय डायग्नोसिस, जल्द ही आपके शहर में!
सभी प्रकार की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं - 7766-80-7766
care@pimscityhospital.com
/PIMScityhospital
Near Solitaire Garden, Meera Nagar, Udaipur
www.pimscityhospital.com

PMCH HEALTH ADVISORS

# पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, बेदला

NABH H-2024-1409

# फेफड़ो की अत्याधुनिक देखभाल, अब उदयपुर में पहली बार...



## बेसिक और एडवांस्ड ब्रोंकोस्कोपी

एवं उदयपुर में सर्वप्रथम थोरैकोस्कोपी सूट अब PMCH में

अब फेफड़ों से सम्बंधित उपचार के लिए नहीं जाना पड़ेगा अहमदाबाद

एडवांस्ड ब्रोंकोस्कोपी एवं क्रायो प्रोसीजर ~~₹50000~~ निःशुल्क

एडवांस्ड थोरैकोस्कोपी ~~₹50000~~ निःशुल्क

## पल्मोनोलॉजिस्ट्स की अनुभवी टीम



**डॉ. अतुल लुहाडिया**
इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट एवं चेस्ट एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ

**डॉ. आमीर शौकत**
इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट, क्रिटिकल केयर एवं स्लीप मेडिसिन, चेस्ट एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ

ओ.पी.डी. दिवस - सोम | मंगल | बुध

**डॉ. सी.एस. पुरोहित**
चेस्ट एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ

**डॉ. सुनील कुमार**
इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट, चेस्ट एवं टी. बी. रोग विशेषज्ञ

ओ.पी.डी. दिवस - गुरु | शुक्र | शनि

**डॉ. भरत गुप्ता**
कंसल्टेंट इंटरवेंशनल एवं एंडोवास्कुलर रेडियोलॉजिस्ट

ओ.पी.डी. - रोजाना

- निःशुल्क परामर्श व जाँच
- निःशुल्क भर्ती
- निःशुल्क चेस्ट CT-Scan & सीटी गाइडेड लंग्स बायोप्सी
- निःशुल्क X-Ray, 2D Echo
- निःशुल्क ब्रोंकोस्कोपी, ICDT प्रोसीजर
- निःशुल्क स्पाइरोमेट्री, DLCO

## उपलब्ध सुविधाएं

जल्द ही मिलेगी EBUS (दूरबीन द्वारा फेफड़ो की सोनोग्राफी) जांच की सुविधा

### बेसिक ब्रोंकोस्कोपी सेवाएं
- ब्रोंकोएल्वियोलर लैवेज (BAL)
- बायोप्सी
- ट्रांसब्रोंकियल नीडल एस्पिरेशन (TBNA)

### थोरैकोस्कोपी सेवाएं
- डायग्नोस्टिक एवं थैरेप्यूटिक
- प्लुरल बायोप्सी एवं क्रायोबायोप्सी
- प्ल्यूरोडेसि • एड्हीसियोलाइसिस

- इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी की अत्याधुनिक तकनीकें
- स्पेशल नेगेटिव प्रेशर सूट (Negative Pressure Suite)
- ब्रोंकियल आर्टरी एम्बोलिज़ेशन (BAE)
- एचडी वीडियो ब्रोंकोस्कोप एवं थोरेकोस्कोप उपकरण

24/7 सुविधाऐं उपलब्ध

**क्रिटिकल केयर और आईसीयू सुविधा**

### एडवांस ब्रोंकोस्कोपी द्वारा उपचार
- पीडियाट्रिक ब्रोंकोस्कोपी • ब्रोंकोस्कोपी इन आईसीयू
- रिजिड ब्रोंकोस्कोपी • इलेक्ट्रोकॉटरी • बलगम में खून आना
- ट्रांस ब्रोन्कियल लंग बायोप्सी एवं क्रायोबायोप्सी (TBLB, TBLC)
- क्रायो प्रक्रियाएं (क्रायो बायोप्सी, क्रायो एक्सट्रैक्शन)
- एपीसी (Argon Plasma Coagulation)
- भारी खून बहाव (Massive Hemoptysis) का प्रबंधन
- ट्यूमर मास डिबल्किंग - वायुमार्ग से बड़ी गांठें हटाना
- फॉरेन बॉडी रिमूवल - श्वास नली में फंसी वस्तु निकालना
- ग्लू थैरेपी - वायुमार्ग की ब्लीडिंग रोकने हेतु

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना | RGHS राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना | कर्मचारी राज्य बीमा योजना ESIC | जननी सुरक्षा योजना JSY

**योजनाओं एवं सभी इंश्योरेंस एवं TPA के कैशलेस ईलाज के लिए अधिकृत हॉस्पिटल**

अंबेरी पुलिया से पेसिफिक हॉस्पिटल बेदला के लिए आने एवं जाने के लिए मरीजों को निःशुल्क वाहन की सुविधा

*नियम व शर्तें लागू

**भीलों का बेदला, एन.एच.-27, प्रताप पुरा, अम्बेरी, उदयपुर - 313011 (राजस्थान) | फोन : 8690541110**

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

